# उत्तर प्रदेश में
# भारतीय मजदूर संघ
## एक झलक



श्रद्धेय बड़े भाई
स्वर्गीय रामनरेश सिंह जी

*श्रमिकाणां राष्ट्रभक्तिः राष्ट्रस्योद्योगशालिता ।*
*उद्योगे श्रम-स्वामित्वं एतत्सर्वार्थसाधनम् ॥*

**(शुक्रनीति)**

× × ×

*हमारे कृषि-प्रधान देश में आर्थिक-सामाजिक संरचना की सफलता के लिए श्रम-बचाऊ यंत्रों की नहीं अपितु श्रम-खपाऊ योजनाओं की आवश्यकता है ।*

क्योंकि—

*किसी भी देश की पूँजी श्रम ही होती है । श्रम और श्रमिकों के स्थान पर सोने-चाँदी को महत्त्व देना या चाँदी के लालच में श्रमिकों की उपेक्षा करना यह तो सोने का अण्डा देने वाली मुर्गी को हलाल करने के समान है ।*

## विश्वकर्मा ! तुम्हें शत-शत प्रणाम !

यह जो विदेशियों द्वारा लांछित और स्वदेशवासियों द्वारा उपेक्षित छोटी जाति के किसान, मजदूर, जुलाहे आदि भारत के अत्यन्त साधारण लोग हैं—वास्तव में चिरकाल से चुपचाप ये ही कार्य करते चले आ रहे हैं । परिश्रम का फल भी इन्हें प्राप्त नहीं होता है । पर इनकी चिंता किसको है ? मौन रहकर घर और बाहर काम में जुटे रहकर दिन-रात पसीना बहानेवाले यह जो हमारे गरीब बन्धु हैं, इनकी क्या कोई बहादुरी नहीं है ?

बड़े काम का अवसर आने पर सभी बहादुरी दिखा सकते हैं । हजारों से प्रशंसित होने पर घोर स्वार्थी भी निःस्वार्थ परमार्थी बन सकता है । कायर भी हँसते हुए प्राण दे सकता है । किन्तु अनजाना रहकर छोटे- से-छोटे कार्य में भी जो निःस्वार्थ और कर्त्तव्यनिष्ठ रहता है, वही धन्य है ।

ऐसे, भारत के चिर पद-दलित श्रमजीवी मजदूर, तुम धन्य हो । तुम्हें मेरा प्रणाम है ।

— **स्वामी विवेकानन्द**

# उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ

## एक झलक

संकलनकर्ता—
राजेश्वर दयाल शर्मा

भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश
२ नवीन मार्केट, परेड, कानपुर

वर्ष १९९५ ] [ मूल्य : रु० २०.००

# प्राक्कथन



'कर्मप्रधान विश्व रचि राखा" यह भगवान् के लिए कहा गया है। सच्चे, यथार्थ मजदूर आन्दोलन पर आधारित श्रम संगठन पर उपरोक्त उक्ति खरी उतरती है। तात्पर्य यह है कि जहाँ पर जैन्युइन ट्रेड यूनियनिज्म पर आधारित भारतीय मजदूर संघ जैसा श्रम संगठन राष्ट्र एवं उद्योग के हित के लिए शोषित, पीड़ित दरिद्र नारायण की सेवा में अहोरात्र समर्पित भाव से संघर्ष, आन्दोलन, माँगपत्र अथवा हड़ताल आदि शस्त्रों से विधिवत् सज्जित होकर दीनबन्धु परमात्मा के बन्धु श्रमिकों की आर्थिक दशा एवं सम्मान को सँवारने में लगा हो तब उसकी इस तपस्या का वर्णन, हरि अनन्त, हरिकथा अनन्ता" की भाँति लिपिबद्ध करना एक असम्भव- सा कार्य है। हाँ, एक यत्किञ्चित् प्रयास उसके इस कार्य का परिचय भर कराने का अवश्य हो सकता है।

और उसी प्रयास के फलस्वरूप "उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ, एक झलक" आपके सामने है। निःसन्देह इस प्रयास में अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य और उनका वर्णन अवश्य ही छूट गया है। इसकी हमको जानकारी भी है और हमारी असमर्थता भी है। कारण यह है कि हम उस सभी कुछ का विवरण देने में असमर्थ हैं जो त्याग, तपस्या और बलिदान के आधार पर शोषित, पीड़ित, दलित जनों की सेवार्थ आप सदृश कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया है। फिर भी अति संक्षेप में कहा जाय तो हम कह सकते हैं कि श्रद्धेय दत्तोपंत जी ठेंगड़ी के आशीर्वाद एवं स्वर्गीय मान्यवर बड़े भाई जी के चहुँमुखी, प्रदीर्घ, अनथक परिश्रम एवं कृतित्व का परिणाम ही उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ का आज तक का इतिहास है।

शोषण कोई भी न कर पावे इसके लिए अपना यह कार्य है। अन्याय का सभी प्रकार से प्रतिकार करना यह अपना धर्म है। देश के गद्दारों का एकाधिकार मजदूर क्षेत्र से समाप्त हो और राष्ट्रभाव का पोषण हो, यह अपना लक्ष्य है। ट्रेड यूनियन के कार्य से ही सब कुछ होने वाला है, ऐसी बात नहीं है। प्रखर राष्ट्रभक्ति की विशाल योजना के अन्तर्गत मजदूर क्षेत्र भी एक अति आवश्यक विभाग है। अतएव ध्येयवाद के नाते हमने इस कार्य को स्वीकार किया है।

इस ध्येयवाद (मिशन) को बनाये रखने के लिए "दैनन्दिन कार्य" आवश्यक है। और यह दैनन्दिन कार्य (रुटीन वर्क) ही कार्यकर्ता को ध्येयवादी बनाता है। प्रसिद्धि लानी है, इमेज बनानी है—और यह आवश्यक भी है, लेकिन अपनी नहीं वरन् संस्था की, संगठन की, अपने कार्य की तथा व्यापक ध्येयवाद की इमेज बनाने के लिए हम लोग कार्यरत हैं।

इन्हीं संकल्पों को सामने रखकर भारतीय मजदूर संघ ने मजदूर क्षेत्र में प्रवेश किया है। अपने उत्तर प्रदेश के मजदूर जगत् में वह कहाँ तक पहुँच चुका है इसकी एक छोटी-सी झलक कार्यकर्ता बन्धुओं एवं अपने शुभचिन्तक महानुभावों को कराने के निमित्त ही यह एक लघु प्रयास है। इस पुस्तक में केवल आँकड़े देना हमारा उद्देश्य नहीं है, बल्कि कठोर एवं प्रदीर्घ परिश्रम के आधार पर तत्कालीन मजदूर जगत् के दूषित वायुमण्डल के विपरीत अपनी रीति एवं नीतियों को शनैः शनैः कैसे स्थापित किया गया है इसकी तरफ आप सभी का ध्यान आकर्षित करने में हम यदि सफल हो सके तभी इस प्रयास की सार्थकता है।

मान्यवर बड़े भाई जी ने शारीरिक परिश्रम के साथ चिंतन एवं लेखन के द्वारा जो सामग्री हम सभी को दी है उसने एवं उत्तर प्रदेश में अभी तक जो बन्धु महामंत्री के पद का दायित्व निभाते आये हैं उनके द्वारा दी गयी महामंत्री की प्रादेशिक रिपोर्ट (प्रतिवेदन) ने इस पुस्तक को आकार देने में बहुत सहयोग दिया है।

उन सभी बन्धुओं के प्रति मैं कृतज्ञतापूर्वक अपना आभार प्रकट करता हूँ।

शुभकामनाओं के साथ,

आपका ही

भारतीय मजदूर संघ स्थापना दिवस
एकादशी, रविवार
२३ जुलाई १९९५ ई०

(राजेश्वर दयाल शर्मा)

## श्रम का महत्त्व

*श्रम से सरिता चलते-चलते,*
*सागर तक पा लेती है।*
*श्रम से ऊषा अन्धकार पी,*
*सहज उजाला देती है॥*

*अम्बर से धरती तक मारुत,*
*शब्द वहन कर सकता है।*
*श्रम से ब्रह्म अनादि अजन्मा,*
*आदि सृष्टि को रचता है॥*

# हमारी कामना

*पाने का अपना आनन्द होता होगा,*
*किंतु चाहने का सुख भी कम नहीं है—*
*यदि चाह छोटी न हो।"*
*इसलिए चाहता हूँ,—*
*मनुष्य को पंगु व बौना बनाने वाली गरीबी मिटे।*
*जीविका के लिए जीवन रेहन न रखना पड़े।*
*रोटी इंसान को न खाए।*
*मशीनें श्रम की कठोरता घटायें, उत्पादकता बढ़ायें,*
*परन्तु श्रम का अवसर न छीनें।*
*दरिद्रता, दैन्य व अत्याचार को मिटाने, वीर आवेश भड़के*
*परन्तु बहादुरी का मुखौटा पहिन कर न घूमे।*
*सत्य, संख्या में न दब जाये।*
*विज्ञान, हिंसा का दास न हो पाये॥*
*—इन चाहों के चक्कर में युग-युग भटकने को,*
*मैं तैयार हूँ॥*

—मान्यवर ठेंगड़ी जी



भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक
**श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी**

# अनुक्रमणिका

| | | |
|---|---|---|
| १. | प्राक्कथन | २ |
| २. | हमारी कामना | ४ |
| ३. | भारतीय मजदूर संघ (संक्षिप्त वृत्त) | १० |
| ४. | भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन, अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग तथा महासमिति सम्मेलन | १८ |
| ५. | केन्द्रीय कार्य समिति व संचालन समिति की बैठकें | १९ |
| ६. | भारतीय मजदूर संघ की प्रदेशशः यूनियनें तथा सदस्यता (१९९४) | २० |
| ७. | भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत जी ठेंगड़ी | २१ |
| ८. | उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ का इतिहास | २५ |
| ९. | उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ के प्रादेशिक अधिवेशनों का विवरण | ३६ |
| १०. | प्रथम अधिवेशन से २६वें प्रादेशिक अधिवेशन तक पदाधिकारियों व कार्य समितियों का विवरण | ३८ |
| ११. | भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश की प्रान्तीय कार्यकारिणी समिति की बैठकों का तिथिवार विवरण | ६६ |
| १२. | ३० सितम्बर १९६४ तक उ०प्र० में भारतीय मजदूर संघ की यूनियनें | ६९ |
| १३. | उत्तर प्रदेश में हुए कुछ प्रमुख महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम | ७६ |
| १४. | उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ विकास के पथ पर | ७७ |
| १५. | ३१-१२-१९८४ को उद्योगशः सदस्यता व यूनियनों का विवरण | ७८ |
| १६. | उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ एवं अन्य श्रम संगठनों का तुलनात्मक विश्लेषण | ७९ |
| १७. | भारतीय मजदूर संघ सबसे आगे (३१-१२-१९८९ के आधार पर) | ७९ |
| १८. | १९८९ में प्रदेश में कार्यरत श्रम संघों का तुलनात्मक विवरण | ८० |
| १९. | भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश की ३१-१२-१९८९ तक उद्योगशः पंजीकृत यूनियनों की सदस्यता का विवरण | ८० |
| २०. | श्रम समितियों का विवरण | ८२ |
| २१. | भारतीय मजदूर संघ की यूनियनों व सदस्यता का विवरण (१-७-९५ तक) | ८४ |
| २२. | भारतीय मजदूर संघ (वर्तमान स्थिति)—संघ के कार्यक्रम में वृत्त निवेदन | ८७ |

२३. उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध वर्तमान महासंघ ८८

२४. उत्तर प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता जो केन्द्रीय कार्यसमिति के सदस्य हैं ८८

२५. कार्यकर्ताओं की विदेश यात्राएँ ८९

२६. १९९५ में भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के पूर्णकालिक कार्यकर्ता ९०

२७. उ०प्र० में भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय ९१

२८. आगरा, अलीगढ़ सहारनपुर एवं फिरोजाबाद का कार्यवृत्त ९३

२९. दीपशिखा ९७

३०. श्रद्धाञ्जलि १००

३१. मेरी चाह १०२

३२. मान्यवर बड़े भाई जी १०५

# भारतीय मजदूर संघ की मान्यताएँ

**न त्वहं कामये राज्यं, न स्वर्गं नाऽपुनर्भवम्।**

**कामये दुःखतप्तानां, प्राणिनामार्तिनाशनम्॥**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १. | चाहे जो मजबूरी हो, माँग हमारी पूरी हो। | नहीं | * | देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम। |
| २. | वर्ग संघर्ष | नहीं | * | अन्याय, शोषण तथा विषमता के विरुद्ध संघर्ष। |
| ३. | इज्म | नहीं | * | अन्त्योदय पर आधारित समाज-रचना। |
| ४. | मानव वर्ग की मौलिक इकाई | नहीं | * | मानव जाति की मौलिक इकाई राष्ट्र है। |
| ५. | वेतन विषमता | नहीं | * | आय की विषमता समाप्त हो। |
| ६. | राजनैतिक स्वरूप | नहीं | * | शुद्ध ट्रेड यूनियन आन्दोलन। |
| ७. | दुनिया के मजदूरो एक हो। | नहीं | * | मजदूरो ! दुनिया को एक करो। |
| ८. | समाजवाद | नहीं | * | एकात्म मानववाद। |
| ९. | बोनस लाभांश या बख्शीस | नहीं | * | विलम्बित वेतन है। |
| १०. | लाल गुलामी ? | नहीं | * | लाल गुलामी छोड़कर, बोलो वन्दे मातरम्। |
| ११. | मई दिवस हमारा श्रम दिवस | नहीं | * | विश्वकर्मा जयन्ती हमारा राष्ट्रीय श्रम दिवस है। |
| १२. | उद्योगों का राष्ट्रीयकरण ? | नहीं | * | श्रमिकीकरण हो। |
| १३. | उद्योगों का अतिरिक्त लाभ उद्योगपति को | नहीं | * | श्रमिकों को मिले। |
| १४. | कमाने वाला खायेगा। | नहीं | * | कमाने वाला खिलाएगा |
| १५. | इन्कलाब जिन्दाबाद। | नहीं | * | भारत माता की जय |

**"भारतीय मजदूर संघ—अमर हो, अमर हो॥"**

●

**"कृत कर, वंड छक, नाम जप।"**

(काम करो, बाँट कर खाओ, प्रभु नाम का जाप करो)

**—गुरु नानकदेव जी**



श्री मनहर भाई मेहता



बड़े भाई श्री रामनरेश सिंह



श्री बी०एस० काम्बले



श्री नरेश कुमार गांगुली



श्री विनय कुमार मुखर्जी



श्री साठे जी

**तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहें न रहें !**

# भारतीय मजदूर संघ (संक्षिप्त वृत्त)

भारतीय मजदूर संघ राष्ट्र-पुनरुत्थान के कार्य का एक अङ्ग है। यह राष्ट्र-हित की चौखट के भीतर मजदूर-हित की कल्पना को लेकर चल रहा है। विशुद्ध राष्ट्रवादी और सही ट्रेड यूनियन आन्दोलन के आधार पर चलने के कारण स्वाभाविक ही यह मजदूरों का, मजदूरों के लिए और मजदूरों द्वारा संचालित श्रम संगठन है। बाहरी प्रभाव यथा नियोजकों व सरकार के प्रभाव अथवा राजनैतिक दलों, व्यक्तिगत नेतागिरी या विदेशी विचारधारा के प्रभाव से यह मुक्त है। यह भारतीय संस्कृति, परम्परा, आर्थिक दर्शन और प्रतिभा के आधार पर चलने वाला संगठन है। अतः इसके अनुसार राष्ट्र-हित, उद्योग-हित व मजदूर-हित तीनों एक ही दिशा में जाने वाले मार्ग हैं और एक-दूसरे पर आधारित, अन्योन्याश्रित हैं।

भारतीय-मजदूर संघ को वर्गों की कल्पना अमान्य है। हमारा मानना है कि सभी भारत माता के सपूत हैं इसलिए वर्ग संघर्ष नहीं अपितु अन्याय, शोषण और विषमता के विरुद्ध संघर्ष की आवश्यकता है। वर्ग संघर्ष अथवा वर्ग समन्वय के स्थान पर परिस्थिति के अनुसार संघर्षक्षम या समन्वयक्षम के मार्ग पर हम चल रहे हैं। हम मानते हैं कि मजदूर सर्वहारा नहीं है अपितु यह राष्ट्र-शक्ति का एक अपरिहार्य अंग है।

भारतीय मजदूर संघ की जिस समय स्थापना हुई उस समय साम्यवादियों को मजदूरों के मसीहा के रूप में जाना जाता था। इनका लाल झण्डा ही मजदूरों का झण्डा है, यह मान्यता थी। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साम्यवाद अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुका था। एक-तिहाई दुनिया पर उनका लाल झण्डा लहरा रहा था और शेष दो-तिहाई दुनिया पर विजय पाने की उनकी तैयारी थी। INTUC, AITUC, HMS और UTUC चार अपने देश में उस समय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त केन्द्रीय श्रम संगठन थे। चारों ही किसी न किसी राजनैतिक दल के मोर्चे (wing) के रूप में मजदूर क्षेत्र में काम कर रहे थे और ट्रेड यूनियनों की भूमिका किसी न किसी राजनैतिक दल के मोर्चे के रूप में काम करने की होती है, यह मान्यता उस समय प्रचलित थी।

भारतीय मजदूर संघ के उद्‌भव व विकास की कहानी त्याग, तपस्या और बलिदान की गाथा है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयन्ती के पावन पर्व पर २३ जुलाई, १९५५ को मान्यवर दत्तोपंत जी ठेंगड़ी के आह्वान पर भोपाल में देश भर से आये लगभग पैंतीस प्रबुद्ध जनों नें मिल बैठकर भारतीय मजदूर संघ के निर्माण की घोषणा की। घोषणा करते समय कोई यूनियन, कार्यकर्ता, पैसा अथवा कार्यालय कुछ भी नहीं था, अर्थात् शून्य से सृष्टि के निर्माण की घोषणा की गयी थी। जिस क्षेत्र में काम करना था वहाँ एक-एक कदम के लिए जूझना पड़ा। अपना संरचनात्मक ढंग भी दूसरे संगठनों से अलग रहा। अन्य संगठनों में शीर्ष से आधार की ओर अर्थात् ऊपर से नीचे की ओर बढ़ते हैं लेकिन हमने

पहले आधार तैयार करते हुए फिर धीरे-धीरे शीर्ष की ओर बढ़ना प्रारम्भ किया। ऊपर से थोपा गया ऐसा यह कार्य नहीं है बल्कि इसके ठीक विपरीत भारतीय मजदूर संघ का विकास क्रम नीचे से ऊपर की ओर रहा है, और इसलिए निर्माण की घोषणा (२३ जुलाई, १९५५) से लेकर १२ व १३ अगस्त, १९६७ तक अर्थात् बारह वर्षों तक इसके संस्थापक मान्यवर ठेंगड़ी जी स्थान-स्थान पर घूम कर उद्योगों, विभागों, निकायों, नगरों और प्रदेशों में स्थानीय व प्रादेशिक इकाइयों का गठन करते रहे। तत्पश्चात् प्रथम अखिल भारतीय अधिवेशन १२-१३ अगस्त, १९६७ को जन्म के ठीक बारह साल बाद दिल्ली में पँचकुइयाँ रोड के कम्युनिटी हाल में सम्पन्न हुआ जिसमें श्री ठेंगड़ी जी को विधिवत् महामंत्री घोषित किया गया।

इस अधिवेशन में १३५२ प्रतिनिधि देश के विभिन्न स्थानों से आये थे। इस बारह साल की अवधि में ९ व्यवस्थित प्रान्तीय इकाइयाँ गठित की जा चुकी थीं जिनकी कुल ५४१ यूनियनें थीं और चार अ० भा० औद्योगिक महासंघ—शुगर, इन्जीनियरिंग, टैक्सटाइल तथा रेलवे—भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध हो चुके थे।

इस सबका ब्यौरेवार विवरण निम्न प्रकार से है—

| क्रमांक | प्रदेश | यूनियनों की संख्या | सदस्य संख्या | अधिवेशन में उपस्थित प्रतिनिधि |
|---|---|---|---|---|
| १. | दिल्ली | ४० | ४५,१४३ | १५० |
| २. | पंजाब | ४० | १०,७५९ | ५७ |
| ३. | हरियाणा | २५ | ६,००० | ९५ |
| ४. | राजस्थान | ४१ | २३,१०० | ४६ |
| ५. | गुजरात | १३ | १,००० | ३५ |
| ६. | विदर्भ | ५४ | ९,५०० | १७५ |
| ७. | महाराष्ट्र | ६८ | ५१,१४३ | २२९ |
| ८. | कर्नाटक | २० | ६,००० | ३० |
| ९. | आन्ध्र | १० | १२,००० | ५ |
| १०. | मद्रास | ५ | ५०० | २ |
| ११. | केरल | १ | ५० | १ |
| १२. | उड़ीसा | १ | ८०० | १ |
| १३. | मध्य प्रदेश | ३२ | ८,७५७ | ४० |
| १४. | उत्तर प्रदेश | १४९ | ४३,००० | २०३ |
| १५. | बिहार | २१ | २५,००० | २५ |
| १६. | बंगाल | १४ | १,३०० | २५ |
| १७. | आसाम | १ | २,००० | — |
| १८. | चण्डीगढ़ | ६ | ८५० | ५ |
| | | ५४१ | २,४६,९०२ | १,३५२ |

भारतीय मजदूर संघ का कार्य शून्य से प्रारम्भ हुआ था। इसकी स्थापना के समय

कोई केन्द्रीय कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ था। प्रान्तीय स्तर पर भी कोई समिति नहीं थी। अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय स्तर पर छोटी-छोटी यूनियनों से कार्य का शुभारम्भ हुआ था जैसे दुकान कर्मचारी संघ, रिक्शा मजदूर संघ आदि। धीरे-धीरे प्रान्तीय महासंघ बने और बाद में औद्योगिक महासंघों का निर्माण हुआ। फिर कुछ प्रान्तों में प्रान्तीय कार्यकारिणी समितियों का गठन किया गया और बाद में अखिल भारतीय औद्योगिक महासंघ बने। हमने यथार्थ सच्चे श्रम संगठन (जेन्युइन ट्रेड यूनियन) की कार्यपद्धति पर विश्वास किया है। अर्थात् भारतीय मजदूर संघ मजदूरों का है, मजदूरों के लिए है और यह मजदूरों के द्वारा चलाया जाता है। और इसलिए इसका स्वरूप शुरू से ही गैर-राजनैतिक है। जब हमारा कार्य प्रारम्भ हुआ उन दिनों तथाकथित प्रगतिशील लोगों के मन में राष्ट्रवाद, राष्ट्र, राष्ट्रीयता और भारत माता की जय के बारे में बड़ी चिढ़ थी। उनको इन बातों से परहेज था। वे लोग ट्रेड यूनियन क्षेत्र में बोनस, महँगाई भत्ता और वेतनवृद्धि आदि बातों से आगे नहीं बढ़ना चाहते थे। अतएव नारे भी "चाहे जो मजबूरी हो, माँग हमारी पूरी हो" जैसे आम तौर पर प्रचलित थे। लेकिन भारतीय मजदूर संघ ने अपनी प्राथमिकता का क्रम पहले राष्ट्र-हित, उसके बाद मजदूर-हित और बाद में भारतीय मजदूर संघ का हित रखा था। इसमें संस्थागत अहंकार को कोई स्थान नहीं था। राष्ट्र और मजदूरों के कल्याण के साधन के रूप में भारतीय मजदूर संघ एक माध्यम है, यही विचार लेकर हम लोग चले थे। सबसे पहले भारतीय मजदूर संघ ने ही यह कहा कि सभी को, सरकारी कर्मचारियों को भी, बोनस मिलना चाहिए। जब तक किसी कर्मचारी को मिलने वाले वेतन एवं जीने के लिए आवश्यक वेतन दोनों में ही बहुत अन्तर है तब तक जो भी बोनस के रूप में पैसा दिया जायेगा वह बोनस विलम्ब से दिया हुआ वेतन (डैफर्ड वेज) है यह बात हमने ही १९७२ में बम्बई में सबसे पहले कही थी। और उस समय हमारा मजाक बनाया गया था। लेकिन धीरे-धीरे बाद में इस तर्क को सभी ने स्वीकार किया और सरकार ने भी हर जगह ८.३३ प्रतिशत बोनस देना प्रारम्भ किया। इसी तरह कम्पोजिट बारगेनिंग एजेन्सी की बात सबसे पहले भारतीय मजदूर संघ ने ही रखी थी जिसका मतलब है कि वार्ता में तीन पक्षों का होना स्वाभाविक रूप से आवश्यक है, सरकार, मालिक एवं सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि। वामपंथियों ने एक भ्रामक भ्रान्ति फैला रखी थी कि उद्योग चलाने के लिए केवल दो ही प्रकार हो सकते हैं, एक तो राष्ट्रीयकरण अर्थात् सरकार उद्योग चलाये अथवा दूसरा प्राइवेट एण्टरप्राइजेज। वामपंथियों का कहना था कि इन दो के अलावा अन्य कोई तीसरा विकल्प हो ही नहीं सकता है। उस समय भारतीय मजदूर संघ ने ही कहा कि राष्ट्रीयकरण कोई रामबाण औषधि नहीं है। उद्योग को चलाने के लिए अन्य उपाय भी हो सकते हैं, जैसे—स्वरोजगार स्वामित्व, मजदूर स्वामित्व, सहकारिता के आधार पर, साझा स्वामित्व, स्वायत्तशासीकरण, श्रमिकीकरण, लोकतांत्रिक आधार। और किस उद्योग के स्वामित्व को किस ढाँचे में रखा जाय इसके लिए सरकार को नेशनल कमीशन फॉर दी पैटर्न ऑफ ओनरशिप ऑफ दी इण्डस्ट्रीज जैसी कोई समिति नियुक्त करनी चाहिए। इसके लिए राष्ट्रीय आयोग गठित करने की बात सर्वप्रथम हमने ही कही। हमने भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी को १९६९ में जो मजदूरों का माँगपत्र दिया था उसमें इसका भी उल्लेख है। श्रमिकीकरण भी स्वामित्व का एक प्रकार हो सकता

है यह भी हमारा ही विचार है जिसके अब अनेक स्थानों पर सफलतापूर्वक प्रयोग भी हुए हैं। उद्योग में पैसे के साथ ही साथ पसीने की साझेदारी की बात भी भारतीय मजदूर संघ ने ही उठायी जबकि अन्य लोग ज्यादा से ज्यादा प्रबन्ध अथवा व्यवस्था में भागीदारी का राग ही अलापते रहे हैं। वामपंथी जब बुर्जुआ और सर्वहारा केवल यह दो ही वर्ग हैं, इस मिथ्या कल्पना के प्रचार में जुटे हुए थे उस समय विश्वकर्मा सैक्टर का भी अस्तित्व है यह बात केवल भारतीय मजदूर संघ ने ही रखी। वामपंथी लोग तो स्वरोजगार, देशी कारीगर, बढ़ई, लुहार, चर्मकार जैसे विश्वकर्मा सैक्टर हैं, उनका भी अस्तित्व है यह बात मानते ही नहीं थे। लेकिन आज रूस ने भी हाउसहोल्ड इण्डस्ट्रीज एक्ट बनाया हुआ है। उस समय केवल हम कहते थे और यह मानते नहीं थे।

विदेशी सरमायेदारों को और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को अपने देश में ज्यादा से ज्यादा छूट देने के कारण वित्तमंत्री डा० मनमोहन सिंह के विरोध में आज सभी स्वदेशी के जन्मजात भक्त हो गये हैं। इनके वक्तव्यों से ऐसा लगता है जैसे अपने यहाँ आर्थिक गुलामी डॉ० मनमोहन सिंह ही ला रहे हैं। भारतीय मजदूर संघ ने १९८२ में देश को चेतावनी दी थी कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से अपने देश में आर्थिक गुलामी आ रही है। स्वर्गीय पं० दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिन २५ सितम्बर, १९९२ को जन-जागरण के लिए हम लोगों ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के उत्पाद की होली जलायी थी और विद्यार्थी परिषद, ग्राहक पंचायत, सहकार भारती, भारतीय किसान संघ और मजदूर संघ ने मिलकर स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना की थी। अब तो आर्थिक गुलामी की निन्दा विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे लोग भी कर रहे हैं। गम्भीरता की भी हद होती है। राजीव गाँधी की सरकार में यह जब वित्तमंत्री थे तब इन्होंने ही ऐसे निर्णय लिये जिसकी वजह से आज की यह आर्थिक गुलामी आयी है। पाकिस्तान के साथ १९६५ में नहर के पानी के बँटवारे के समय विदेशी पूँजी के दबाव में जो अहितकर समझौता हुआ था उसके लिए उस समय संघ के सरसंघचालक परमपूजनीय श्री गुरु जी ने चेतावनी दी थी कि विश्व बैंक के दबाव में सरकार ने यह समझौता स्वीकार किया है और यदि सरकार की यही प्रवृत्ति चलती रही तो देश में आर्थिक गुलामी आयेगी। और आज जब हाथ से सत्ता चली गयी है तब वही विश्वनाथ प्रताप सिंह कहते हैं कि आर्थिक आजादी के लिए एक दूसरा युद्ध और करना पड़ेगा। "आर्थिक आजादी के लिए युद्ध", इस नीति का उद्‌घोष केवल भारतीय मजदूर संघ के मंच से ही समय-समय पर हुआ है। अन्य लोगों ने तो इसके बारे में सोचा तक नहीं है।

एक और बात तकनीक के बारे में। हमने कहा कि विदेशी तकनीक के ऐसे कौनसे हिस्से हैं जिनको पूरा का पूरा हम ग्रहण कर सकते हैं और वह कौनसी तकनीक हो सकती है कि जिसे अपने देश की आवश्यकता के अनुसार हेर-फेर करके हम ग्रहण कर सकते हैं और पूरी की पूरी विदेशी तकनीक जिसे अस्वीकार करना होगा वह कौनसी होगी, क्योंकि वह हमारे देश की परिस्थिति के अनुकूल नहीं है, जिसकी वजह से हमारी बहुत हानि होगी। अर्थात् adopt (स्वीकार), adapt (सुधार) and reject (त्यागना), और develop our own technology (अपनी तकनीक विकसित करना) यह चार बातें कही गयीं। एक पाँचवीं बात और कही गयी, वह यह कि हमारे यहाँ की जो कारीगरी है, दस्तकारी है उसको देखते

हुए नयी टैक्नोलॉजी को इस ढंग से अपने देश में विकसित करना चाहिए जिसकी वजह से इनके जो कारीगर हैं वह बेकार न हो जायें। इस बात को सारांश में कहें तो जैसा पूज्य गाँधी जी ने कहा कि Not mass production but production by masses. यह पद्धति हमारे देश के लिए होनी चाहिए और इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर तकनीक नीति बनाना आवश्यक है। तकनीक केवल मालिक व मजदूर के बीच की वस्तु नहीं है। यह एक नयी सभ्यता है। सब कुछ नयी रचना है जिसके लिए राष्ट्रीय तकनीक नीति की माँग करने वाला पहला संगठन भारतीय मजदूर संघ है। भारतीय मजदूर संघ अविवेकपूर्ण कम्प्यूटराइजेशन का भी विरोध करता है। हमारे कम्यूनिस्ट भाई तो हमको इस विषय पर हमेशा दकियानूसी ही घोषित करते रहे हैं। बैंकों में कम्प्यूटरों के प्रयोग पर यही हुआ। लेकिन बाद में जब उनके कार्यकर्ताओं ने ही उनका विरोध किया तो फिर विवश होकर हमारी नीति उनको स्वीकार करनी पड़ी।

कार्यक्षेत्र में संघर्षों और बलिदानों की एक लम्बी शृंखला है जो अब सर्वविदित है। हिन्दुत्व-विरोधी सरकारों, वामपंथी उग्र विचारों, मौकापरस्त पूँजीपतियों तथा गुण्डा तंत्र के अनाचारों का सफल प्रतिवाद करते हुए एवं समस्त कर्मचारियों और श्रमिक वर्ग का विश्वास अर्जित करते हुए आज जो भारतीय मजदूर संघ अपने देश का सबसे बड़ा केन्द्रीय श्रम संगठन हो गया है उसके लिए असंख्य ध्येयनिष्ठ, पूर्ण समर्पित व आदर्शवादी कार्यकर्ताओं के तप व बलिदान का अनूठा योगदान है।

मजदूर क्षेत्र में "भारतमाता की जय" का उद्‌घोष आज सामान्य बात है। किन्तु भारतीय मजदूर संघ के निर्माण के पूर्व लाल सलाम के नारे बुलन्द होते थे। मजदूर संघ ने नारा दिया "लाल गुलामी छोड़कर बोलो वन्देमातरम्।" हमने फिर आगे कहा, "राष्ट्र का औद्योगीकरण, उद्योगों का श्रमिकीकरण तथा श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण हो।" हमारा मानना है कि पैसे के समान पसीने को भी शेयर मानकर श्रमिकीकरण की कल्पना को साकार किया जा सकता है। अतः नारा दिया, "धन की पूँजी, श्रम का मान, कीमत दोनों एक समान" और "बी० एम० एस० की क्या पहिचान, त्याग, तपस्या और बलिदान।" यह नारा, नारा न होकर हमारा ध्येय-वाक्य बन गया है—"देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम।" जहाँ हमने ऐसे मौलिक नारों को प्रचलित किया वहीं वामपंथियों द्वारा "दुनिया के मजदूरो एक हो" जैसे वर्ग-आधारित नारों को प्रचारित किया गया था। उसके स्थान पर हमने "मजदूरो दुनिया को एक करो" जैसा सार्थक और सृजनात्मक नारा मजदूर जगत् को दिया।

सन् १९८० में सदस्यता-सत्यापन के परिणामस्वरूप भारतीय मजदूर संघ देश के सभी केन्द्रीय श्रम संगठनों में द्वितीय स्थान पर आया था। तत्पश्चात् अन्य देशों के श्रम संगठनों में भारतीय मजदूर संघ के विषय में जानकारी प्राप्त करने, सम्पर्क स्थापित करने की एक होड़-सी लग गयी—सर्वप्रथम आमंत्रण चीन से प्राप्त हुआ और वर्ष १९८५ में माननीय ठेंगड़ी जी के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ का पाँच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल चीन गया। वहाँ के बीजिंग रेडियो से मा० ठेंगड़ी जी का बीस मिनट का भाषण भी प्रसारित किया गया। इसी प्रकार वर्ष १९९० में दो सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल पूर्व सोवियत संघ के डब्ल्यू० एफ० टी० यू० के आमंत्रण पर मास्को गया जहाँ एक विश्व सम्मेलन में प्रस्ताव पारित

करके श्रम संघ दलगत राजनीति से परे रहने चाहिए" की घोषणा की गयी। साम्यवादी पार्टी के शासन में ऐसी घोषणा अभूतपूर्व मानी गयी। स्मरणीय है कि भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना से ही इस सिद्धान्त की घोषणा करता रहा है कि श्रम संगठनों को दलगत राजनीति से परे रहना चाहिए। मास्को सम्मेलन ने इस सिद्धान्त की सत्यता को स्वीकार किया और इस तरह लाल झण्डे का जहाँ जन्म हुआ था वहाँ पर ही उसे सदैव के लिए त्याग दिया गया।

वर्तमान समय में भारतीय मजदूर संघ अपने देश में सबसे बड़ा केन्द्रीय श्रमिक संगठन है। वर्ष १९८९ को आधार मानकर केन्द्रीय सरकार ने सभी श्रम संघों के सत्यापन के पश्चात् जो घोषणा की उसके अनुसार भा० म० सं० की सदस्यता ३१,१७,३२४ है। यह दूसरे नम्बर पर आये इंटक से चार लाख दस हजार आठ सौ तिहत्तर अधिक है। वामपंथी संगठन बंगाल व केरल को छोड़कर सभी उद्योगों तथा प्रदेशों में अपना आधार खो चुके हैं। भारतीय मजदूर संघ आठ प्रदेशों तथा तेरह उद्योगों में प्रथम स्थान पर है। आज की तिथि में हमारी सदस्यता ४५ लाख से अधिक है। अण्डमान, निकोबार, सिक्किम, नागालैण्ड, मिजोरम, मणिपुर, लक्षद्वीप को छोड़कर सभी प्रदेशों में अपना कार्य है। पच्चीस जिले छोड़कर सभी जिलों में और वायुमार्ग को छोड़कर सभी उद्योगों में हमारा कार्य है।

बोनस विलम्बित वेतन है अर्थात् १२ माह के बदले तेरह माह का वेतन सभी वेतनभोगी कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए ऐसा केवल भारतीय मजदूर संघ ने ही साठ के दशक में पहली बार कहा था। आज सभी कर्मचारियों को बोनस दिया जाता है, जब कि इसके पूर्व केवल उत्पादन कार्य से जुड़े प्रतिष्ठानों के श्रमिक ही बोनस पाते थे।

अप्रैल १९७५ में अमृतसर के राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर मजदूर संघ ने आशंका जतलायी थी कि देश में आपातकाल लागू किया जा सकता है, अतः लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु हमें सावधान रहना है। फलतः आपातकाल के दौरान असंख्य कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व साहस का परिचय देते हुए, अपने रोजगार आदि की परवाह न करते हुए जेल यात्राएँ कीं। अनेक प्रकार की यातनाएँ और कष्ट तो उठाये किन्तु लोकतंत्र की पुनर्स्थापना तक हार नहीं मानी।

भारतीय मजदूर संघ ने बुलढाणा में असंगठित क्षेत्र के खेतिहर मजदूरों के दमन व शोषण के प्रतिकार स्वरूप जमीन के पट्टे श्रमिकों को दिलवाकर मालिकाना हक प्रदान करवाया।

सभी केन्द्रीय श्रम संघों की राष्ट्रीय अभियान समिति में भारतीय मजदूर संघ सम्मिलित था किन्तु अयोध्या प्रकरण में जब भा० म० सं० के अतिरिक्त अन्य श्रम संघों ने श्रीराम मन्दिर निर्माण का विरोध किया तो भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय अभियान समिति से अलग हट गया।

सन् १९६२ में चीन के आक्रमण के समय प्रतिरक्षा विभाग में अपना कार्य नहीं था। जिनका कार्य था उन वामपंथी संगठनों ने श्रमिकों से आक्रमणकारियों का स्वागत करने की बात कही। यह देशद्रोह देखकर प्रतिरक्षा विभाग में अपने संगठन का गठन द्रुति गति से किया गया। परिणाम १९७१ के भारत-पाक युद्ध में सामने आया जब सैकड़ों प्रतिरक्षा के असैनिक कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर पश्चिमी सीमा पर स्थित प्रतिरक्षा प्रतिष्ठानों में देशरक्षार्थ दिन-रात अनवरत कई कई दिन चौबीस घन्टे लगातार कार्य किया

और इसका कोई ओवरटाइम स्वीकार नहीं किया। सैनिक जवानों से कन्धे से कन्धा मिलकर हमारे असैनिक श्रमिकों ने देशप्रेम की भावना के वशीभूत हो, प्राणों की बाजी लगाकर जो भी कार्य उनको दिया गया, यथा गोलाबारूद का रखरखाव, खंदकें खोदना, यातायात सम्भालना आदि, उसे प्राणपण से सम्पन्न किया। इसके पश्चात् अनेक अन्य महत्त्वपूर्ण उद्योगों में अपने औद्योगिक महासंघों का निर्माण प्रारम्भ किया गया। इसके पूर्व भी कई उद्योगों में अपने महासंघ बन चुके थे।

आज देश में आम धारणा है कि मजदूर कर्मचारी काम करने को राजी नहीं है। यह सही भी है और इसके लिए ऐसे तमाम श्रमिक संगठन जिम्मेदार हैं जिन्होंने केवल अपने अधिकारों के लिए मजदूरों को लड़ना सिखाया है। भारतीय मजदूर संघ पहला ऐसा संगठन है जिसने कर्त्तव्य और अधिकार दोनों पर बराबर जोर दिया है। इसी आशय का "कर्तव्य और अधिकार" माँगपत्र भारतीय मजदूर संघ की ओर से १९६९ में पूर्व राष्ट्रपति श्री वी० वी० गिरि जी को दिया गया था।

हम आर्थिक क्षेत्र में हैं किन्तु हमारी जड़ें भारतीय संस्कृति में हैं। अतः १९९२ में अयोध्या में श्रीराममन्दिर हेतु कार सेवा में भारतीय मजदूर संघ की प्रेरणा से हजारों श्रमिकों ने जिनमें मुस्लिम तथा क्रिश्चियन समेत सभी समुदायों के श्रमिक सम्मिलित थे, भाग लिया।

आज से लगभग दस वर्ष पूर्व यह चेतावनी भारतीय मजदूर संघ ने दे दी थी कि अब बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हाथों भारत को बेचने की कुचेष्टा की जा रही है। भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों में जागृति लाकर जन-जागरण के अभियान चलाये गये और गैट-विरोधी प्रदर्शन में सर्वप्रथम भारतीय मजदूर संघ आगे आया। स्वदेशी की भावना जगाने और स्वदेशी उत्पादन प्रयोग में लाने का अभियान भी भारतीय मजदूर संघ ने बहुत पहले छेड़ दिया था जिसमें श्रमिकों का भरपूर सहयोग व समर्थन मिला है। गैट-विरोधी प्रदर्शन हेतु दिल्ली के लालकिले पर २० अप्रैल १९९३ को देशभर से एकत्रित हुए बासठ हजार से अधिक श्रमिकों की भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित यह प्रथम विशाल रैली थी, जिसके पश्चात् छोटी-बड़ी रैलियों का ताँता लग गया। इस रैली में महिला कर्मचारियों की भागीदारी १० हजार थी।

१९९५ में भा० म० सं० अपनी स्थापना के चालीस वर्ष पूरे कर रहा है। इस उपलक्ष्य में महिलाओं के ४०१ सम्मेलनों का आयोजन करना है। इस समय अपने २६० पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं उनकी संख्या बढ़ाकर ४०० करना है। इसी वर्ष ४०० नयी यूनियनों का निर्माण कर भा० म० सं० से सम्बद्ध करना तथा ४०० अभ्यास वर्ग आयोजित करना आदि कार्य भी करने हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम क्षेत्र में भी भा० म० सं० की साख और प्रतिष्ठा बढ़ी है। विदेश के अनेक सम्मेलनों, गोष्ठियों में अपने प्रतिनिधि भाग लेते हैं और भारतीयता पर आधारित अपना दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हैं। १९९४ के अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में जब आई० सी० एफ० टी० यू० ने सोशल क्लॉज जोड़ने का प्रस्ताव रखा तो उसका जोरदार विरोध भा० म० सं० के प्रतिनिधि ने किया। अन्य विकासशील देशों के प्रतिनिधि तो मौन रहे।

आने वाले वर्षों में देश में आर्थिक स्वतंत्रता, स्वदेशी स्वाभिमान के लिए भा० म० स०

के द्वारा व्यापक अभियान और संघर्ष चलाये जायेंगे और हम लोग कर्तव्य और अधिकार का सामंजस्य करते हुए राष्ट्रभाव को परिपुष्ट करने, आर्थिक विषमता समाप्त करने और सर्वांगीण विकास की ओर तेज गति से कदम बढ़ाते जायेंगे। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के साथ ही इसके संस्थापक मान्यवर ठेंगड़ी जी ने "इदं राष्ट्राय इदं न मम" की घोषणा में इसके उद्देश्य को स्पष्ट किया है। अतः राष्ट्र की तेजस्विता व अस्मिता के अनुरूप भारतीय मजदूर संघ के कार्य को गति प्रदान की जायेगी।

ऐसी अनेक बातें हैं जिनको लेकर हम कह सकते हैं कि जहाँ से कार्य प्रारम्भ किया था वहाँ से लेकर आज तक जो विकास क्रम रहा है वह सन्तोषजनक है। और यह सुगमता से नहीं हो गया है बहुत बाधाएँ आयी हैं। भारतीय मजदूर संघ का कार्य करते-करते अनेक कार्यकर्ता शहीद हो गये। अनेकों ने अपना पूरा जीवन इसी कार्य के निमित्त स्वाहा कर दिया। कार्यकर्ताओं ने अपने रक्त से सींच कर इस कार्य को इतना विकसित किया है। वैचारिक क्षेत्रवृद्धि, जिसका लोग पहले मजाक उड़ाते थे, उसको हमारा पागलपन कहते थे, आज सभी उसी को स्वीकार करने लगे हैं। वैचारिक एवं संगठनात्मक दृष्टि से भारतीय मजदूर संघ आज तक प्रगति करता आया है, और इसके लिए प्रत्यक्ष शहादत के अलावा भी कितने कार्यकर्ताओं की नौकरी छूटी और कितने घर बरबाद हुए इसका हिसाब रखना भी बहुत कठिन है।

प्रारम्भ में ही भारतीय मजदूर संघ के लिए कहा गया था कि मजदूर को आबाद करने के लिए कार्यकर्ताओं को बरबाद होना होगा। समाज में जो अच्छे लोग हैं वह त्याग करें, तकलीफ उठाएँ ताकि सम्पूर्ण समाज आनन्द एवं प्रसन्नता से जीवन यापन कर सके। इमरजेन्सी के समय भी जब वामपंथी, तथाकथित क्रान्तिकारी और मजदूरों की आर्थिक लड़ाई का दम भरने वाले दुम दबाकर मैदान छोड़कर भाग गये थे, वहाँ भारतीय मजदूर संघ के बावन हजार कार्यकर्ता इमरजैन्सी के खिलाफ आन्दोलन करके जेल गये थे।

अंत में हम कह सकते हैं कि हमको कहाँ पहुँचना है यह तो हमको मालूम है, लेकिन तब से लेकर अब तक जितनी दूरी हमने तय की है वह सन्तोषजनक है।

# भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन

स्थापना भोपाल २३ जुलाई १९५५ ई० लोकमान्य बाल गंगाधर के शुभ पावन जन्म दिवस पर

| | | | यूनियनें | सदस्य संख्या |
|---|---|---|---|---|
| १. | दिल्ली | १२ व १३ अगस्त १९६७ ई० | ५४१ | २,४६,९०२ |
| २. | कानपुर | ११ व १२ अप्रैल १९७० ई० | ८९९ | ४,५८,००० |
| ३. | बम्बई | २२ व २३ मई १९७२ ई० | १२११ | ६,००,००० |
| ४. | अमृतसर | १९ व २० अप्रैल १९७५ ई० | १३१३ | ६,३९,४२४ |
| ५. | जयपुर | २१, २२ व २३ अप्रैल १९७८ ई० | १५१५ | १०,८३,४८५ |
| ६. | कलकत्ता | ७ व ८ मार्च १९८१ ई० | १७३६ | १८,०५,९२० |
| ७. | हैदराबाद | ९, १० व ११ जनवरी १९८४ ई० | २००७ | २०,५३,७२१ |
| ८. | बैंगलौर | २६, २७ व २८ दिसम्बर १९८७ ई० | | |
| ९. | बड़ोदरा | २१, २२ फरवरी १९९१ ई० | | |
| १०. | धनबाद | १८, १९ व २० मार्च, १९९४ ई० | | |

# अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| १. | भुसावल | सन् १९६९ ई० |
| २. | बड़ोदरा | १४, १५ व १६ दिसम्बर, १९७७ ई० |
| ३. | पुणे | १४, १५, १६ व १७ जनवरी १९८० ई० |
| ४. | इन्दौर | २९, ३० अक्टूबर व १, २ नवम्बर १९८४ ई० |
| ५. | नागपुर | २६, २७ व २८ फरवरी १९९२ ई० |

# महासमिति सम्मेलन (General Council)

| | |
|---|---|
| बड़ोदरा | १७ व १८ अप्रैल १९७१ ई० |
| ग्वालियर | १२ व १३ मई १९७३ ई० |

# केन्द्रीय कार्य समिति एवं संचालन समिति की बैठकें

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली | १४ अगस्त | १९६७ |
| राँची | १६, १७ मई | १९६९ |
| नागपुर | १०, ११ जुलाई | १९६९ |
| दिल्ली | १६ नवम्बर | १९६९ |
| कानपुर | १० अप्रैल | १९७० |
| कोचीन | २८, २९ अगस्त | १९७० |
| हैदराबाद | ६, ७ दिसम्बर | १९७० |
| बड़ोदरा | १६ अप्रैल | १९७१ |
| बड़ोदरा | १९ अप्रैल | १९७१ |
| जालन्धर | १५, १६ सितम्बर | १९७१ |
| वाराणसी | १८, १९ जनवरी | १९७२ |
| बम्बई | २०, २१ मई | १९७२ |
| बम्बई | २४ मई | १९७२ |
| ग्वालियर | १०, ११ मई | १९७३ |
| ग्वालियर | १३, १४ मई | १९७३ |
| मंगलूर | २०, २१, २२ सितम्बर | १९७३ |
| राजकोट | २६, २७, २८ जनवरी | १९७४ |
| दिल्ली | २९, ३० अगस्त | १९७४ |
| अमृतसर | १७, १८ अप्रैल | १९७५ |
| अमृतसर | २१ अप्रैल | १९७५ |
| पुणे | १३, १४ अगस्त | १९७७ |
| बड़ोदरा | १६, १७ दिसम्बर | १९७७ |
| जयपुर | २० अप्रैल | १९७८ |
| जयपुर | २४ अप्रैल | १९७८ |
| बंगलूर | २६, २७ सितम्बर | १९७८ |
| भोपाल | १९, २० फरवरी | १९७९ |
| वाराणसी | २८, २९ अक्टूबर | १९७९ |
| पुणे | १८ जनवरी | १९८० |
| कटक | २७, २८ अप्रैल | १९८० |
| टाटानगर | ८, ९ सितम्बर | १९८० |
| कलकत्ता | ६ मार्च | १९८१ |
| कलकत्ता | ९ मार्च | १९८१ |
| बम्बई | ५, ६ जून | १९८१ |
| दिल्ली | २४, २५ नवंबर | १९८१ |
| शिमला | २६, २७, २८ अप्रैल | १९८२ |
| अलवाय | २९, ३० नवम्बर | १९८२ |
| मथुरा | २८, २९, ३० अप्रैल | १९८३ |
| दिल्ली | २०, २१, २२ अगस्त | १९८३ |
| हैदराबाद | ७, ८ जनवरी | १९८४ |
| हैदराबाद | १२, १३ जनवरी | १९८४ |
| दिल्ली | १९, २० अप्रैल | १९८४ |
| इन्दौर | २८ अक्टूबर | १९८४ |
| कोटा | १२, १३, १४ जुलाई | १९८५ |
| बम्बई | ३० नवम्बर, | |
| | १, २ दिसम्बर | १९८५ |
| जम्मू | २, ३ मई | १९८६ |
| हुबली | २३, २४, २५ सितम्बर | १९८७ |
| पटना | २, ३, ४ अप्रैल | १९८७ |
| दिल्ली | २१, २२, २३ अगस्त | १९८७ |
| बंगलौर | २५ दिसम्बर | १९८७ |
| बंगलौर | २९ दिसम्बर | १९८८ |
| जयपुर | १२, १३ अप्रैल | १९८८ |
| करनाल | २७, २८, २९ सितंबर | १९८९ |
| कलकत्ता | १८, १९, २० अप्रैल | १९८९ |
| हरिद्वार | २५, २६, २७ सितंबर | १९८९ |
| नागपुर | ४, ५, ६ फरवरी | १९९० |
| भोपाल | ३, ४, ५ जुलाई | १९९० |
| बड़ोरा | २० फरवरी | १९९१ |
| बड़ोदरा | २३ फरवरी | १९९१ |
| कोटा | २७, २८ अगस्त | १९९१ |
| नागपुर | २५ फरवरी | १९९२ |
| कटक | १३, १८ अगस्त | १९९२ |
| दिल्ली | २६, २७ फरवरी | १९९३ |
| गाजियाबाद | ६, ७ सितम्बर | १९९३ |
| उज्जैन | ८, ९, १० जनवरी | १९९४ |
| धनबाद | १७ मार्च | १९९४ |
| धनबाद | २१ मार्च | १९९४ |
| राजकोट | १८, १९, २० अगस्त | १९९४ |
| बालाजी तिरुपति | २६, २७, २८ जनवरी | १९९५ |
| लुधियाना | १८, १९, २० जून | १९९५ |

# भारतीय मजदूर संघ की प्रदेशशः यूनियनें तथा सदस्यता दि० ३०.६.९४

| प्रदेश | श्रमसंघ | सदस्यता |
|---|---|---|
| आंध्र | ३४६ | ६,६९,२५६ |
| आसाम | २६ | १,२७,१४० |
| अरुणाचल | १ | १७५ |
| बिहार | १८२ | ४,६६,५७० |
| चण्डीगढ़ | १३ | ५,००० |
| दिल्ली | १०७ | ८,०१,७०० |
| गोवा | ८ | ९,८७६ |
| गुजरात | ११३ | ३१,१३० |
| हरियाणा | १५७ | ८३,३९० |
| हिमाचल प्रदेश | ५४ | ४०,२५० |
| जम्मू-काश्मीर | ४२ | १९,२२६ |
| कर्नाटक | १३२ | ९७,११० |
| केरल | १८२ | १,०१,९३८ |
| मध्य प्रदेश | २३६ | २,३७,९०३ |
| महाराष्ट्र | २५५ | २,९९,२४३ |
| नागालैंड | १ | २५० |
| उड़ीसा | ६७ | ५१,३४० |
| पांडेचेरी | २ | ८०० |
| पंजाब | २१६ | १,५७,८८० |
| राजस्थान | ४३३ | ३,६५,५०९ |
| त्रिपुरा | १ | ४५० |
| तमिलनाडु | ५७ | ४२,३४० |
| उत्तर प्रदेश | ५७३ | ६,१९,३०६ |
| विदर्भ | १०८ | १,०५,६०८ |
| पं० बंगाल | १९५ | १,७९,१८० |
| योग | ३,५०७ | ४५,१२,६०० |



*भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक*

# श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी

मान्यवर दत्तोपंत ठेंगड़ी जी का जन्म दीपावली के शुभ पावन पर्व पर १० नवम्बर १९२० को महाराष्ट्र में विदर्भ प्रान्त के आर्वी गाँव में हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री बापू राव दाजी ठेंगड़ी वर्धा जिले के प्रसिद्ध वकील थे जिन्होंने अपने परिश्रम के बलबूते पर समाज में प्रतिष्ठा एवं धन अर्जित किया था। स्वतंत्रता एवं देशप्रेम बचपन से ही दत्तोपंत जी के रक्त में संचार करता रहा है। बचपन में गठित वानर सेना के अध्यक्ष के रूप में वह सक्रिय रहे और कालेज में पहुँचते-पहुँचते आपका विभिन्न विचारधाराओं से सम्पर्क स्थापित हो चुका था। अपने कालेज जीवन में श्री ठेंगड़ी जी सोशलिस्ट रिपब्लिकन पार्टी के नेता माने जाते थे। अपने मितभाषी मृदु स्वभाव के पुत्र को उनके पिता जी पढ़ा-लिखा कर अपने समान वकील बनाना चाहते थे। लेकिन ठेंगड़ी जी को छल-प्रपंच से भरे संसार के वंचक मार्ग आकर्षित नहीं कर सके। अतः भोगवादी जीवनधारा से पराङ्मुख होकर उन्होंने संघ के प्रचारक के रूप में अपना तन-मन, विद्या-बुद्धि सभी कुछ भारतमाता की सेवा में अर्पित कर दिया। श्री ठेंगड़ी जी १९४१ में वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जीवनव्रती प्रचारक के रूप में संघ कार्य का विस्तार करने के लिए घर का मोह छोड़कर निकल पड़े थे।

मान्यवर ठेंगड़ी जी १९४२ से ४४ तक केरल प्रान्त, १९४५ से ४७ तक कलकत्ता हावड़ा तथा १९४८ से ४९ तक बंगाल एवं आसाम प्रान्त में संघ के प्रचारक के रूप में कार्य करते रहे हैं। वे १९४९ से ५४ तक हिन्दुस्थान समाचार समिति के संगठन मंत्री रहे हैं और विश्व हिन्दू परिषद् के आजीवन सदस्य हैं। कालीकट में केरल प्रान्त के राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के १९४२ में सम्पन्न हुए प्रान्तीय अधिवेशन के वह प्रधान रहे और भारतीय बुद्ध महासभा के सहयोगी सदस्य हैं। श्री ठेंगड़ी जी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के संस्थापक सदस्य हैं और १९५० में विदर्भ प्रान्त विद्यार्थी परिषद् के प्रान्तीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। भारतीय जनसंघ में १९५१ से १९५४ तक प्रादेशिक संगठन मंत्री मध्य प्रदेश एवं

१९५५ में जनसंघ के अध्यक्ष पंण्डित प्रेमनाथ जी डोगरा के निजी सचिव तथा १९५६ से ५७ तक दक्षिण भारत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री के नाते कार्य करते रहे हैं।

वे सन् १९४९ से ५१ तक आई० एन० टी० यू० सी० में १० उद्योगों से सम्बन्धित यूनियनों के पदाधिकारी रहे और अक्टूबर १९५० में इंटक की अखिल भारतीय जनरल कौन्सिल के सदस्य चुने गये तथा जो पुराना मध्य प्रदेश है उसके १९५०–५१ के कार्यकाल में प्रादेशिक संगठन मंत्री मनोनीत किये गये थे। मान्यवर ठेंगड़ी जी ने १९५२–५५ में ऑल इण्डिया बैंक एसोसिएशन में काम किया और इससे सम्बन्धित कुछ यूनियनों के पुराने मध्य प्रदेश के मंत्री भी रहे हैं। विविधताओं से भरे अनेक दायित्वों का निर्वहन करते हुए १९५४–५५ में ऑल इण्डिया आर० एम० एस० एम्पलाईज यूनियन तृतीय श्रेणी के सेन्ट्रल सर्किल के अध्यक्ष, रिटायर्ड रेलवेमेन्स फेडरेशन के प्रथम संरक्षक, ऑल इण्डिया रेलवे स्टेनोग्राफर ऐसोसिएशन के संरक्षक, इण्डियन एकेडेमी ऑफ लेबर आर्बिट्रेटर्स के सहयोगी सदस्य, ऑल इण्डिया रेलवे टेलीग्राफ स्टाफ कौन्सिल के संरक्षक, लोको मैकेनिकल आर्टीजन स्टाफ एसोसिएशन ईस्टर्न रेलवे के संरक्षक, टैक्सटायल टैकनीशियन्स ऐसोसिएशन ऑफ इण्डिया के आजीवन सदस्य और फैडरेशन ऑफ आल इण्डिया पेंशनर्स ऐसोसिएशन के संरक्षक हैं। सन् १९५९ में उन्होंने ऑल इण्डिया इंश्योरेन्स कारपोरेशन फील्ड वर्कर्स एसोसिएशन के अखिल भारतीय अधिवेशन का सभापतित्व भी किया था। सन् १९५४ से ५५ तक मध्य प्रदेश टेनेन्ट्स एसोसिएशन के संगठन मंत्री और सन् १९५३ से ५६ तक डॉ० अम्बेडकर जयन्ती उत्सव समिति, नागपुर के सदस्य, शेड्यूल्ड कास्ट रिक्शा पुलर्स कोआपरेटिव ट्रान्सपोर्ट सोसायटी लिमिटेड दिल्ली के उपाध्यक्ष, ऑल इण्डिया ट्रेवलर्स एण्ड ट्रान्सपोर्ट रिलीफ एसोसिएशन के आजीवन सदस्य, सन् १९५६ में साकोली तालुका शेतकरी (कृषक) परिषद् के सभापति, सन् १९५३ से ५५ तक मध्य प्रदेश हैण्डलूम्स वीवर्स कांग्रेस के सलाहकार, सन् १९५३ से ५५ तक विदर्भ बुनकर कामगार संघ के सलाहकार, सन् १९५३ से ५४ तक छुई खदान गोलीकाण्ड पीड़ित सहायता समिति के मंत्री, छत्तीसगढ़ मर्ज स्टेट्स पीपुल्स कान्फ्रेन्स की कार्यकारिणी के सदस्य, सन् १९५२ में नागपुर नगर महापालिका संयुक्त नागरिक मोर्चा के संयोजक एवं जिला परिषद् कानपुर के सदस्य रह चुके हैं।

मान्यवर ठेंगड़ी जी मार्च १९६४ से उत्तर प्रदेश से राज्य सभा के सदस्य के रूप में दो बार चुने गये हैं। विश्व के विभिन्न देशों की यात्रा करके श्री ठेंगड़ी जी ने विश्व के मानव मन का सूक्ष्म अध्ययन भी किया है। विभाजन के तुरन्त पश्चात् पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्ला देश) में उनका प्रवास कार्यक्रम हुआ था। अपने संसदीय कार्यकाल की अवधि के दौरान श्री ठेंगड़ी जी को विदेशों के मजदूर आन्दोलनों का अध्ययन करने का सुअवसर मिला है। सन् १९६८ की सोवियत संघ एवं हंगरी की यात्रा इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रही है। सन् १९७७ में जिनेवा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में उनको भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। यूगोस्लाव ट्रेड यूनियन के निमंत्रण पर वहाँ के श्रमिकीकरण प्रयोग के अध्ययन हेतु यूगोस्लाविया और १९७९ में अमरीका सरकार के निमंत्रण पर वहाँ के ट्रेड यूनियन आन्दोलन का अध्ययन करने के लिए अमेरिका की यात्रा, कनाडा और ब्रिटेन का प्रवास एवं अप्रैल १९८५ में चीन के मजदूर संगठन ऑल चायना

फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन (ए० सी० एफ० टी० यू०) के निमंत्रण पर भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व श्री ठेंगड़ी जी ने किया था और उस समय २८ अप्रैल १९८५ को चाइना ने अपने बीजिंग (पीकिंग) रेडियो से उनका संदेश भी प्रसारित कराया था। १९८५ में ही जकार्ता में सम्पन्न आई० एल० ओ० की दसवीं रीजनल कान्फ्रेन्स हेतु इण्डोनेशिया की यात्रा के अतिरिक्त उन्होंने बर्मा, थाइलैण्ड, मलेशिया, सिंगापुर, मिश्र, केनिया, युगाण्डा तथा तन्जानिया का भी भ्रमण किया है।

२३ जुलाई १९५५ से वह भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक, जन्मदाता एवं महामंत्री के रूप में विश्व के श्रम संगठनों के गगन पर सूर्य की तरह उदित हुए। वे भारतीय मजदूर संघ की आत्मा हैं। भारतीय मजदूर संघ के अलावा सामाजिक समरसता मंच, भारतीय किसान संघ और ग्राहक पंचायत के जन्मदाता भी वही हैं। स्वदेशी जागरण मंच और सर्व पंथ समादर मंच आदि ऐसी अनेक और भी संस्थाएँ है जो मान्यवर ठेंगड़ी जी की छत्रछाया एवं मार्गदर्शन में जन्मी, पली और बड़ी हुई हैं।

भारतीय इतिहास, दर्शन, अर्थनीति, समाजनीति, राजनीति आदि अनेक विषयों में पारंगत तथा संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, मराठी, बंगाली तथा मलयालयम भाषाओं पर पूरा अधिकार रखने वाले अत्यन्त सादा व सरल मृदुभाषी मजदूर नेता श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी का पूरे भारतवर्ष में सभी लोग अत्यधिक श्रद्धा व सम्मान करते हैं। श्री ठेंगड़ी जी के अविश्रान्त ध्येयनिष्ठ जीवन से स्फूर्ति लेकर देश के हरएक कोने से राष्ट्रभक्ति से उद्वेलित मजदूरों का विशाल कारवाँ भारतीय मजदूर संघ के भगवा ध्वज को नील गगन में फहराते हुए द्रुतगति से बढ़ता ही रहा है। मान्यवर ठेंगड़ी जी के विनम्र व्यक्तित्व, संगठन-कुशलता, कुशाग्र एवं मेधावी प्रतिभा-चिन्तन और मार्गदर्शन से भारतीय मजदूर संघ दिन दूने रात चौगुने अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है।

विदेश-यात्रा हो, सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे कार्य हों, लेखन या भाषण हो, श्री ठेंगड़ी जी के विचार और कार्य की आधारभूमि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं उसका ध्येय एवं कार्य ही हैं। सार्वजनिक जागरण के अनेक क्षेत्रों में सक्रिय उनकी मूल प्रेरणा का स्रोत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं परमपूजनीय श्री गुरु जी का निकट का सहवास है। अपने राष्ट्रीय अतीत, वर्तमान और भविष्य की ओर देखने का श्री ठेंगड़ी जी का दृष्टिकोण एक सार्वभौम, समृद्ध और परम वैभवशाली हिन्दू राष्ट्र की संकल्पना को तर्कशुद्ध और इतिहास-शुद्ध सक्षम आधार प्रदान करती है। रहन-सहन की सर्वमान्य सरलता, ध्येयवादी राष्ट्र-समर्पित तपस्वी जीवन, तत्वचिंतन की गहराई, लक्ष्य की स्पष्टता, ध्येय-साधना में सातत्य और कार्य की सफलता में अडिग विश्वास के धनी, कुशल संगठक श्री ठेंगड़ी जी की दिनचर्या अति व्यस्त रहते हुए भी उन्होंने समय-समय पर अत्यन्त उपयोगी लेखन कार्य किया है। वे सिद्धहस्त लेखक हैं। विभिन्न विषयों पर उनके विचार पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुके हैं। समाज के कमजोर वर्ग और पीड़ित, शोषित श्रमजीवियों की आर्थिक दशा में सुधार लाने के लिए उन्होंने केवल विचार ही नहीं दिये वरन् देशभर में अन्याय, अत्याचार, विषमता और दीनता से जूझने के लिए कर्मठ व लगनशील कार्यकर्ताओं का निर्माण करने में भी वे सफल हुए हैं।

श्रद्धेय ठेंगड़ी जी के प्रयास से सगूचे देश में विश्वकर्मा जयन्ती को राष्ट्रीय श्रम दिवस

के रूप में सभी स्वीकार करने लगे हैं और देश के मजदूर-जगत् में स्वदेश-भक्ति एवं भारतीयता की अलख जग गई है और भारतमाता की जय के नारे भी गूँजने लगे हैं। काम और आराम यह मजदूरों का मौलिक अधिकार है, पैसे और पसीने की बराबर की साझेदारी है अतएव मजदूर भी अपने-अपने उद्योगों का मालिक है, उद्योगों का राष्ट्रीयकरण की जगह श्रमिकीकरण होना चाहिए—जैसे सूत्र-बिन्दु भारत के मजदूर-जगत् के मानस में उनके द्वारा ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रभावी ढंग से भरे गये हैं। राष्ट्र का औद्योगीकरण, उद्योगों का श्रमिकीकरण और श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण यह त्रिसूत्र मान्यवर ठेंगड़ी जी का ही दिया हुआ है। गरीबी और बेकारी से मुक्ति पाने के लिए पूँजीप्रधान नहीं तो श्रमप्रधान अर्थ-रचना हमारे देश की जनता की मौलिक आवश्यकता है यह विचार लेकर भारतीय मजदूर संघ उनके मार्गदर्शन में उत्साह, उमंग के साथ सफलतापूर्वक आगे और आगे बढ़ता ही जा रहा है।

**साईं इतना दीजिये जामें कुटुम्ब समाय।**
**आप न भूखा मैं रहूँ अतिथि न भूखा जाय॥**

● ● ●

**पानी बाढ़े नाव में घर में बाढ़े दाम।**
**दोनों हाथ उलीचिए यही सयानो काम॥**

*राष्ट्रभक्ति खेल नहीं है। जब इसकी कसौटी का दिन आता है तो संसार के अप्रतिम लावण्य, नाते-रिश्ते एवं सांसारिक वैभव के सुनहले जीवन को बुद्ध से भी भीषण, दधीचि से भी दृढ़ तथा भीष्म पितामह की भयंकर प्रतिज्ञा से भी अधिक अचल बनकर एक ठोकर से ठुकरा देना पड़ता है। जो इसकी गम्भीरता को समझता है वही इस कठिन परीक्षा में सफल हो सकता है और वही अमृतपुत्र है।*

● ● ●

*हिमालय जिसका मस्तक, कश्मीर जिसका मुकुट, पंजाब व बंगाल जिसकी सबल भुजाएँ, उत्तर प्रदेश जिसका हृदयस्थल, गंगा व यमुना जिसके हार, विन्ध्याचल जिसका कटि प्रदेश, नर्मदा जिसकी करधनी, पूर्वी व पश्चिमी घाट जिसकी पुष्ट जंघाएँ, कन्याकुमारी जिसके चरण तथा हिन्दु महासागर जिन चरणों को पखारता है—*

*वह है मेरी वन्दनीया भारत माँ!*

# उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ का इतिहास

श्रमिक क्षेत्र में कम्यूनिस्ट एवं अन्य वामपंथी श्रमिक नेताओं व उनके अराष्ट्रीय दृष्टिकोण एवं गैरजिम्मेदाराना व्यवहार एवं INTUC (इंटक) की सरकारपरस्त एवं मिलमालिकों की जीहुजूरी करने वाली नीति के दुष्परिणामों को देखकर १५ नवम्बर १९५३ को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक केन्द्र कानपुर में भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश नाम से एक यूनियन की स्थापना की गयी। इस संगठन का उद्देश्य श्रमिकों में राष्ट्रीय जागृति उत्पन्न करते हुए उनके आर्थिक हितों की रक्षा करना था। इसका पंजीकरण २१ दिसम्बर १९५३ को हो गया। श्री हंसदेव सिंह गौतम इसके अध्यक्ष थे और श्री रामकृष्ण त्रिपाठी मंत्री थे। अपने जन्मकाल से ही यह यूनियन उत्तर प्रदेश के सभी कर्मचारियों के लिए बनायी गयी थी, अतएव महासंघ (Federation) की आवश्यकता को पूर्ण करने में भी सक्षम थी। लेकिन जब २३ जुलाई १९५५ को भोपाल में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जी के पावन जन्मदिवस पर मान्यवर दत्तोपन्त जी ठेंगड़ी ने राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर आधारित एक अखिल भारतीय मजदूर संगठन के निर्माण की दृष्टि से श्रमिक नेताओं का आह्वान किया तब कानपुर के हमारे यह नेता भी पीछे नहीं रहे और भोपाल से स्फूर्ति लेकर महासंघ की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश में भी प्रयत्नशील हुए। फलस्वरूप २४ फरवरी १९५७ को कानपुर में पाँच पंजीकृत यूनियनों के सहयोग से भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेशीय शाखा की स्थापना की गयी। इसको उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्याप्त ननुच (आनाकानी) के बाद और वह भी भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के आमरण अनशन पर बैठने के बाद १९ दिसम्बर १९६० को मान्यता प्रदान की। आमरण अनशन पर बैठने वालों में श्री रामकृष्ण त्रिपाठी, श्री यज्ञदत्त शर्मा, श्री भगवतशरण रस्तौगी, श्री हंसदेव सिंह गौतम और श्री शारदाप्रसाद त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से थे।

इस प्रकार भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश में अपने जन्मकाल से ही शक्ति-प्रदर्शन, आन्दोलन एवं पौरुष की अभिव्यक्ति से मूल रूप में जुड़ा हुआ है, और इसके फलस्वरूप हम लोगों ने सत्यमेव जयते और श्रमेव जयते के मंत्र की सार्थकता को समझने का प्रयास किया है।

जो कार्यकर्ता मान्यवर ठेंगड़ी जी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश से २३ जुलाई १९५५ को भोपाल गये थे उनमें से श्री ठाकुर दास जी साहनी, रामकृष्ण त्रिपाठी, श्री यज्ञदत्त शर्मा, श्री शारदा प्रसाद त्रिपाठी, श्री राजामोहन अरोड़ा, एवं श्री शिवकुमार जी त्यागी के नाम अभी



**श्री रामप्रकाश मिश्रा**
राज०, म०प्र०, उड़ीसा प्रान्त प्रभारी



**श्री देवनाथसिंह (वाराणसी)**
महामन्त्री भा०म०सं० उत्तर प्रदेश



**श्री अत्रिदेव तिवारी (गोरखपुर)**
प्रदेश मन्त्री



**श्री रामदौर सिंह**
प्रभारी एवं राष्ट्रीय मन्त्री भा०म०सं० उ०प्र०



**श्री ओमप्रकाश गौतम (बरेली)**
महामन्त्री अ०भा० सुगर मिल मजदूर संघ



**श्री गोपालचन्द बनर्जी (प्रयाग)**
प्रान्तीय उपाध्यक्ष

भी स्मरण हैं। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की इस ऐतिहासिक आम सभा में प्रथम भाषण उत्तर प्रदेश के श्रीमान शिव कुमार त्यागी जी का हुआ था।

उत्तर प्रदेश में जिन श्रमिक नेताओं ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना में सहयोग दिया तथा प्रारम्भिक कठिनाइयों को झेलते हुए उसको आगे प्रगति की ओर बढ़ाया और जिन पर आज भी भारतीय मजदूर संघ को गर्व है वे हैं—श्री ठाकुर दास साहनी, परमात्मा चरण सक्सैना, श्री रामकृष्ण त्रिपाठी, श्री शिवकुमार त्यागी, श्री ईश्वर दयाल सक्सैना, श्री हंसदेव सिंह गौतम, श्री यज्ञदत्त शर्मा तथा श्री भगवत शरण रस्तोगी।

सन् १९६० तक महासंघ को मान्यता न मिलने के कारण प्रदेश के अन्य जिलों व कारखानों में यूनियन की स्थापना करना तथा उनको भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध करना सम्भव नहीं था। अतएव स्वाभाविक ही इससे सम्बद्ध यूनियनों की संख्या प्रारम्भ में कम रही और सारे कार्य व हलचल का केन्द्र कानपुर तक ही सीमित रहा। फिर भी उस समय लोहा उद्योग में लगे हुए कर्मचारियों का एक विशाल सम्मेलन ५ जनवरी सन् १९५८ को कानपुर में किया गया जिसमें हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया था।

उत्तर प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रान्तीय अधिवेशन तथा समय-समय पर होने वाले प्रतिनिधि सभा के सम्मेलन भी कानपुर में ही करने पड़े थे।

२४ फरवरी १९५७ को जब कानपुर में भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेशीय शाखा का गठन किया गया तब उसके संयोजक श्री राम कृष्ण त्रिपाठी थे। चेयरमैन श्री परमात्मा चरण सक्सैना एवं प्रदेश मंत्री श्री राम कृष्ण त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष श्री भगवत शरण रस्तोगी को रखा गया था। श्री यज्ञदत्त शर्मा, श्री शिवकुमार त्यागी, श्री अयोध्या नाथ एवं श्री रामकरण सिंह सदस्य मनोनीत किये गये थे। उस समय प्रादेशिक कार्यालय १४/१२ बम्बा रोड, दर्शनपुरवा, कानपुर में स्थापित किया गया। जिन पाँच यूनियनों को लेकर भारतीय मजदूर संघ की उत्तर प्रदेश में स्थापना की गई थी वह यह थीं—

१. भारतीय मजदूर संघ, कानपुर
२. बुशवेयर कर्मचारी यूनियन, कानपुर।
३. आरा मशीन मजदूर यूनियन, कानपुर
४. भारतीय कैमीकल्स मजदूर संघ, कानपुर एवं
५. नागरथ आयल (पेण्ट्स) मिल मजदूर यूनियन, कानपुर

इनकी अनुमानतः सदस्य संख्या लगभग ५०० थी। बाद में तो लोहा एवं इन्जीनियरिंग उद्योग में भी काम प्रारम्भ हुआ। उत्तर प्रदेश में कानपुर के अलावा अन्य स्थानों पर कार्य खड़ा करने के लिए—

१. गोरखपुर क्षेत्र के लिए श्री मिश्री लाल जी
२. लखनऊ क्षेत्र के लिए श्री शिव कुमार जी त्यागी
३. आगरा क्षेत्र के लिए श्री राजा मोहन अरोड़ा
४. मेरठ क्षेत्र के लिए श्री जगमोहन लाल गर्ग
५. बरेली क्षेत्र के लिए श्री नित्यानन्द स्वामी एडवोकेट, देहरादून (वर्तमान में आप उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सम्माननीय कार्यकारी सभापति हैं)

६. प्रयाग क्षेत्र के लिए श्री शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं

७. कानपुर के लिए श्री राम कृष्ण त्रिपाठी

को संगठक मनोनीत किया गया था।

चैयरमैन श्री परमात्मा चरण जी सक्सैना का १९ जनवरी १९५८ को देहान्त हो गया। अतएव जब दूसरे वर्ष प्रान्तीय अधिवेशन २० फरवरी १९५८ को कानपुर में हुआ तब श्री भगवत शरण जी रस्तोगी को चेयरमैन निर्वाचित किया गया और श्री अयोध्यानाथ को कोषाध्यक्ष का कार्यभार दिया गया।

भारतीय मजदूर संघ के पास उस समय अठारह पंजीकृत यूनियनें उत्तर प्रदेश में थीं—

१. कपड़ा मिल मजदूर संघ, कानपुर
२. ब्रुश वेयर कर्मचारी संघ, कानपुर
३. आरा मशीन मजदूर यूनियन, कानपुर
४. लोहा मिल कर्मचारी यूनियन, कानपुर
५. नैनी इन्जीनियरिंग कर्मचारी संघ, नैनी, इलाहाबाद
६. ट्रंक मेकर्स एण्ड ब्लैकस्मिथ यूनियन, देहरादून
७. स्वदेशी मिल मजदूर संघ, नैनी, इलाहाबाद
८. वाराणसी सिल्क मिल्स श्रमिक संघ, वाराणसी
९. भारतीय आयरन एण्ड इन्जीनियरिंग मजदूर संघ, कानपुर
१०. भारतीय कैमीकल मजदूर संघ, कानपुर

आदि के नाम प्रमुख रूप में अभी भी स्मरण हैं। २ अप्रैल १९६० को नारायणी धर्मशाला, परेड, कानपुर में प्रान्तीय प्रतिनिधि सभा (General Council) का सम्मेलन सम्पन्न हुआ। उस समय प्रादेशिक अध्यक्ष श्री नित्यानन्द स्वामी, देहरादून थे। जब प्रधानमंत्री श्री रामकृष्ण त्रिपाठी ने कार्य करने में अपनी असमर्थता के कारण ६ जुलाई १९६० को प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया तब २८ अगस्त १९६० को सम्पन्न हुई प्रादेशिक कार्य समिति ने उनके त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए सर्वसम्मति से मान्यवर बड़े भाई जी (श्री राम नरेश सिंह जी) को प्रधानमंत्री निर्वाचित किया।

| १५. | मुरादाबाद | भा० म० संघ कार्यालय अमरोहा गेट, मुरादाबाद | (०५९१) ३१५६४० |
| १६. | हलद्वानी | उ० प्र० रोडवेज कर्मचारी संघ, रोडवेज बस स्टेशन, हलद्वानी जिला नैनीताल | (०५९४६) २३१४५ पी० पी० |
| १७. | इलाहाबाद | २०५/८० टैगोर टाउन, इलाहाबाद | (०५३२) ६२२३७८ पी० पी० |

# क्षेत्र व जिला

| क्र० | क्षेत्र | जिले | संख्या |
|---|---|---|---|
| १. | कानपुर | कानपुर, फर्रुखाबाद, उन्नाव, इटावा, कानपुर देहात | ५ |
| २. | झाँसी | झाँसी, बाँदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, ललितपुर | ६ |
| ३. | आगरा | आगरा, अलीगढ़, एटा, मैनपुरी, मथुरा, फिरोजाबाद | ६ |
| ४. | फैजाबाद | फैजाबाद, बहराइच, गोंडा, सुल्तानपुर | ४ |
| ५. | लखनऊ | हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, बाराबंकी, लखनऊ | ६ |
| ६. | मुरादाबाद | मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर | ३ |
| ७. | वाराणसी | वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, जौनपुर, भदोही | ५ |
| ८. | गाजियाबाद | गाजियाबाद, बुलन्दशहर | २ |
| ९. | मेरठ | मेरठ, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर | ४ |
| १०. | इलाहाबाद | इलाहाबाद, फतेहपुर, प्रतापगढ़ | ३ |
| ११. | मिरजापुर | मिरजापुर, सोनभद्र | २ |
| १२. | बरेली | बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहाँपुर | ४ |
| १३. | कुमायूँ मण्डल | नैनीताल, अलमोड़ा, पिथौरागढ़ | ३ |
| १४. | गढ़वाल मण्डल | देहरादून, चमोली, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी | ५ |
| १५. | गोरखपुर | गोरखपुर, आजमगढ़, देवरिया, बस्ती, पडरौना, मऊनाथ भंजन, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर | ८ |
| | | कुल | ६६ |

*अधिष्ठानम् तथा कर्ता,*
*करणं च पृथग्विविधं।*
*विविधाश्च पृथक्चेष्टा,*
*दैवं चैवात्र पंचमम् ॥*

अपने कार्य, ध्येय अथवा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मनुष्य को अधिष्ठान, कार्यकर्ता, साधन, विविध प्रकार की चेष्टाएँ एवं परमात्मा के आशीष की आवश्यकता होती है।

## आगरा में भारतीय मजदूर संघ का प्रारम्भ

इस पुस्तक के संकलनकर्ता श्री राजेश्वर दयाल शर्मा के अग्रज श्रीमान् रामेश्वर दयाल जी शर्मा वर्तमान में विश्व हिन्दू परिषद् के कार्य से जुड़े हुए हैं। परन्तु उन्होंने अपने जीवन का एक लम्बा कालखण्ड आगरा में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता की हैसियत से व्यतीत किया है। वह कहते हैं कि "सन् १९६० से पूर्व मैं आल इन्डिया डिफेन्स इम्प्लोईज़ फैडरेशन के साथ संलग्न था। वहाँ से सन् ६० के अन्त में श्रमिक शिक्षा हेतु कानपुर गया। संघ कार्यालय गांधी नगर में निवास करने के कारण माननीय बड़े भाई से घनिष्ठ परिचय हुआ। श्रमिक शिक्षा में पढ़ाये गये सैद्धान्तिक विषय मैं माननीय बड़े भाई जी को बताता था और व्यावहारिक पक्ष उनसे सीखता था। उनकी प्रेरणा से भारतीय मजदूर संघ का प्रत्यक्ष कार्य प्रारम्भ किया। उसके पूर्व श्री राजामोहन अरोड़ा द्वारा तीन यूनियनें चलायी जाती थीं। विभाग प्रचारक माननीय ओंकार जी भावे द्वारा प्रोत्साहन मिलने पर यूनियनों की संख्या बढ़ने लगी और समाज के प्रत्येक वर्ग में यूनियनें बनीं, अर्थात् अपना कार्य रेलवे, बैंक, इंजीनियरिंग प्रतिरक्षा विभाग, रोडवेज, शू वर्कर्स, चिकित्सालय, आरा मशीन, प्रेस कर्मचारियों, दुकान कर्मचारियों, ढलाई मजदूरों आदि में फैला।

श्री दामोदर प्रसाद शर्मा एवं श्री लोकनाथ अरोड़ा के सहयोग से पश्चिम रेलवे, आगरा फोर्ट, कोटा आदि में तथा झाँसी के कार्यकर्ताओं के सहयोग से मध्य रेलवे में काम बढ़ा। फलस्वरूप माईथान धर्मशाला, आगरा में भारतीय रेलवे मजदूर संघ की स्थापना हुई। मुरादनगर, गाजियाबाद में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ बना।

माननीय ठेंगड़ी जी एवं माननीय बड़े भाई जी का प्रत्येक वर्ष आगरा आगमन पर प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा। आगरा में कई बार साम्यवादियों से संघर्ष भी हुआ।"

## भारतीय मजदूर संघ, अलीगढ़

अलीगढ़ नगर में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना १९६२ में हुई।

अलीगढ़ नगर में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना में मान्यवर श्री कौशलेन्द्र जी (प्रचारक) के अथक परिश्रम से श्री मुन्ना बाबू चश्में वाले, श्री वासुदेव जी, श्री नत्थीलाल जी, श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा व श्री बनवारी लाल पाठक प्रमुख थे, और ये सभी व्यक्ति आज भी मौजूद हैं।

भारतीय मजदूर संघ का प्रारम्भ ताला उद्योग में कैंची, चाकू, ताला मजदूर संघ के नाम से हुआ जिसको बनाने में भी ओमप्रकाश जी गौतम, जो उस कालखण्ड में विजली कॉटन मिल हाथरस में कार्यरत थे, का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस समय आगरा क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ का कार्य अधिकांश सभी उद्योगों में फैला हुआ है।

अपने क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ, उ०प्र० का पहला अधिवेशन वर्ष १९६५ में इलायची वाली धर्मशाला, हाथरस और दूसरा अधिवेशन वर्ष १९७१–७२ में हीरा लाल

बारहसैनी इण्टर कालेज, अलीगढ़ में सम्पन्न हुआ जिसमें माननीय दतोपन्त ठेंगड़ी जी, माननीय श्री बड़े भाई (स्व० रामनरेश सिंह जी), माननीय श्री राम प्रकाश मिश्र जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वर्ष १९६५ में ताला उद्योग में बोनस तथा पीस रेट को लेकर लक्ष्मी मैटल वर्क्स, राम स्वरूप एन्ड सन्स, एच० आर० प्रोडक्ट आदि उद्योगो में आन्दोलन के माध्यम से बोनस लागू कराया और पीस रेटों में वृद्धि करायी गयी। इसके बाद और आज तक अनेकों जगह आन्दोलन हुए तथा आन्दोलनों के माध्यम से समझौते भी हुए जिनसे कर्मचारियों का हितरक्षण हुआ है।

वर्ष १९६५ में अलीगढ़ में प्रथम बार विश्वकर्मा जयन्ती को विशाल रूप में रैली निकाल कर नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए रामलीला मैदान में अभूतपूर्व कार्यक्रम करके मनाया गया। विशेष तौर से जिन मार्गो से रैली निकली वहाँ की जनता ने पुष्पों की वर्षा की, जिसमें मान्यवर श्री कौशलेन्द्र जी, श्री ओमप्रकाश गौतम, श्री मुन्ना बाबू चश्मे वाले, श्री वासुदेव जी, श्री नत्थी लाल जी, श्री राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, श्री बनवारी लाल पाठक, श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा व श्री सुरेश चन्द्र जैन अग्रणी रहे।

आपातकालीन वर्ष १९७५ से १९७७ के बीच प्रमुख लोगों के भूमिगत हो जाने पर जो कार्यालय पहले सायं ५ बजे से रात्रि ८ बजे तक खुला रहता था वह उस समय भी हमेशा खुला रहा। श्रमिक समस्याओं में भी अवरोध आना चाहिये था लेकिन ऐसी विषम परिस्थिति में श्री लक्ष्मीनारायण जी का विशेष योगदान रहा और कार्यालय के समय से भी अधिक देर रात्रि तक बदस्तूर निर्भय कार्य चलता रहा तथा जगह-जगह आन्दोलन भी कराये गये और भारतीय मजदूर संघ के कार्य को गति दी गयी। आन्दोलनों के माध्यम से समस्याओं का निराकरण भी हुआ। आपातकालीन स्थिति के समय जिला सम्मेलन भी विष्णुपुरी, अलीगढ़ में रखा गया जिसमें मान्यवर स्व० श्री राम नरेश सिंह जी, माननीय पं० राम प्रकाश मिश्रा व माननीय श्री राजेश्वर दयाल शर्मा की विशेष उपस्थिति रही और इनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## भारतीय मजदूर संघ, सहारनपुर

सहारनपुर में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना ५ मई १९५५ को श्री जगमोहन लाल गर्ग की अध्यक्षता में हुई। उस समय श्री देश राज, कल्याण सिंह रावत तथा प्रेम चन्द गुप्ता, नरेन्द्र सिंह यादव एवं जैड०ए० अहमद आदि बन्धु उपस्थित थे।

सबसे पहले टैक्सटाइल मिल, सहारनपुर में सूती मिल मजदूर संघ के नाम से काम शुरू हुआ। भारतीय मजदूर संघ का सम्मेलन सहारनपुर में वर्ष १९५९ में हुआ जिसमें मान्यवर दत्तोपन्थ ठेंगड़ी तथा बड़े भाई श्री राम नरेश सिंह भी उपस्थित थे। उस समय दो घोड़ों की बग्घी पर मान्यवर ठेंगड़ी जी को बैठाकर इसमें कम से कम दो हजार कर्मचारियों ने भाग लिया था। रेलवे स्टेशन से अग्रवाल धर्मशाला तक बड़ा शानदार जुलूस निकाला गया।

श्री मुलख राज जग्गा के द्वारा रेलवे में काम शुरू किया गया। श्री अजित प्रसाद जैन के द्वारा बैंकों में काम प्रारम्भ किया गया। धीरे-धीरे काम बढ़ता गया तथा कई मिलों में जैसे राधा कृष्ण बोर्ड मिल, सिनेमा कर्मचारी संघ, दुकान कर्मचारी संघ, कम्पनी बाग मजदूर संघ तथा रेड़ीचालक संघ में काम प्रारम्भ हुआ। देवबन्द शुगर मिल में श्री जगदीश बन्सल के द्वारा काम शुरू हुआ। बी० एच० ई० एल० में प्रान्तीय अधिवेशन हुआ, जिसमें मजदूर संघ के सभी नेता उपस्थित थे। श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने भारतीय मजदूर संघ के जिला मन्त्री के रूप में काम किया। सहारनपुर में विश्वकर्मा जयन्ती भारतीय मजदूर संघ प्रतिवर्ष १७ सितम्बर को मनाता रहा है। अब सफाई कर्मचारी संघ तथा वुड कार्विंग मजदूर संघ का काम भी शुरू किया गया है।

## सुहाग नगरी—फिरोजाबाद

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक स्थान है फिरोजाबाद, जो बहुत पुराने समय से काँच की चूड़ी बनाने के लिए प्रसिद्ध है और इसीलिए लोग फिरोजाबाद को सुहाग नगरी के नाम से भी जानते हैं। पहले यह जिला आगरा की एक तहसील था लेकिन अब स्वतंत्र जिला है। फिरोजाबाद में चूड़ी बनाने के लिए गोल, चक्करदार, उमेंठा हुआ काँच का एक लम्बा तार बनाया जाता है जिसे बनाने के लिए कारीगर के हाथ में लोहे की कुछ पोली, एक लम्बी-सी छड़ होती है। उस छड़ की नोक (टिप) पर भट्टी में जो पिघलता हुआ शीशा (काँच) रहता है उसे लगाकर, जिसे वहाँ की भाषा में लोंग लगाना कहा जाता है, कारीगर आहिस्ते-आहिस्ते लोहे की छड़ को सधे हुए हाथों से लगातार घुमाते हुए और अपनी ओर बढ़ाते हुए शीशे का पेंचदार उमेंठ भरा तार खींचता रहता है ताकि तार लगातार एक जैसी गोलाई व मोटाई का खिंचता रहे और लगातार छड़ को घुमाते रहने की वजह से उस तार पर उमेंठन भरे पेच भी पड़ते रहें। यह एक बहुत ही कठिन कार्य है जिसको एक साथ एक बार में लगातार ४–४ घन्टे तक करना होता है। अतएव इसके लिए बहुत ही अभ्यास और सधे हुए हाथों की जरूरत होती है। यह काम फिरोजाबाद में पहिले केवल मुसलमान कारीगर ही करते थे और उनके बीच में कम्यूनिस्टों का भी कार्य था जिन्होंने वहाँ पर उन कारीगरों के बीच में अपने को केवल कम्यूनल बनाकर रखा हुआ था, अर्थात् कम्यूनिस्ट फिरोजाबाद में यूनियन चलाने का काम करेंगे तो वह केवल मुसलमान कारीगरों तक ही अपनी यूनियन की गतिविधि को सक्रिय रखेंगे, हिन्दू कारीगरों और उनकी सुख-सुविधाओं से उनको कोई भी सरोकार नहीं था। बाद में तार खींचने का काम करने वाले कारखानेदारों के दिमाग में यह बात आयी कि यह कार्य हिंदू कारीगरों को भी सिखाया जाय। कारखानेदार के कहने पर वहाँ काम करने वाले कारीगर हिंदू को काम पर रख तो लेते थे पर जैसे ही उनको मौका मिलता वह उस बेचारे हिंदू कारीगर को चोरी छिपे शीशा पिघलाती तपती भट्टी में झोंक देते थे। बड़ा ही आतंक का खौफनाक वातावरण था। उस समय फिरोजाबाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आज के हम सभी के सुपरिचित मान्यवर डॉ० नित्यानन्द जी थे। फिरोजाबाद की इन सभी घटनाओं को देखते हुए नित्यानन्द जी के आग्रह पर संघ के

स्वयंसेवक श्री जगदीश उपाध्याय आगे आये। अनेक कारखानेदारों से उन्होंने वार्ता की। फलस्वरूप श्री रमण लाल शाह एवं श्री शिवचरण लाल जी जैसे अनेक कारखानेदार आगे आये और अपने-अपने कारखानों में हिन्दू कारीगरों को काम सिखाने का दायित्त्व अपने ऊपर लिया। इसके लिए भारतीय मजदूर संघ के जन्मकाल से भी आठ साल पहिले हिन्दुस्थान की आजादी के लगभग साथ ही साथ १५ अगस्त १९४७ के आस-पास फिरोजाबाद में एक यूनियन बनायी गयी थी जिसका नाम राष्ट्रीय मजदूर संघ रखा गया था फिरोजाबाद में सब्जी मण्डी के पास दो कमरों का एक कार्यालय भी राष्ट्रीय मजदूर संघ के लिए खोला गया था। इतना जरूर है कि संघ पर जब प्रतिबन्ध लगा तो उस खौफ व आतंक के वातावरण में यह प्रयास लगभग समाप्त हो गया था। बाद में मान्यवर बड़े भाई जी ने श्री रामदास जी चक के द्वारा पुनरपि इस कार्य को प्रारम्भ कराते हुए भारतीय मजदूर संघ की यूनियन फिरोजाबाद में स्थापित की।

## चिंतन प्रक्रिया

| | | |
|---|---|---|
| विचारधारा अथवा ध्येय | — | एकात्म मानव दर्शन |
| ↓ | | ↓ |
| लक्ष्य (उद्देश्य) | — | समर्थ एवं सम्पन्न भारत |
| ↓ | | ↓ |
| तात्कालिक लक्ष्य | — | आर्थिक स्वतंत्रता की लड़ाई |
| ↓ | | ↓ |
| नीति | — | प्रबल जनसंगठन, श्रमिक क्षेत्र में जन जागृति |
| ↓ | | ↓ |
| रणनीति (strategy) | — | संघर्षात्मक एवं संगठनात्मक कार्य योजनाएँ |
| ↓ | | ↓ |
| रणयुक्ति | — | कालबद्ध योजनाएँ |
| ↓ | | ↓ |
| तदनुकूल तात्कालिक कार्यक्रम | — | वैचारिक प्रबोधन |

**भारत माता की जय**

# दीपशिखा

आज जब विगत ४० वर्षों का लेखा-जोखा करने के लिए बीते हुए वर्षों पर नजर डालता हूँ तो अहसास होता है कि कोई भी कार्य, विशेषतया देशहित में किया गया कार्य, यूँ ही नहीं हो जाता है। इसके लिए बड़ी आहुति देनी होती है। तिल-तिल कर शरीर को, मन को और अपनी इच्छाओं को गलाना पड़ता है, बिलकुल दीपशिखा की तरह अपने चारों तरफ के वातावरण को ज्योतिर्मय करने के लिए पिघल-पिघल कर अपने स्वयं के अस्तित्व को विलीन करना होता है।

मान्यवर ठेंगड़ी जी का अहर्निश प्रवास, सभी को अपनी ओर आकर्षित करनेवाला निश्छल आत्मीयता से ओत-प्रोत उनका व्यक्तित्व, मान्यवर बड़े भाई जी की अविश्रान्त कठोर साधना एवं पण्डित राम प्रकाश जी मिश्र का पत्थर को भी हीरा बना देने वाला अद्‌भुत कौशल, कार्यकर्ताओं के निर्माण की उनकी विशेष शैली—यह सब उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ की प्रगति के पीछे की साधना है।

मान्यवर बड़े भाई जी एम० एल० सी० रहे, अतएव विधान परिषद का काम, उत्तर प्रदेश भारतीय मजदूर संघ की जिम्मेदारी, बिहार, बंगाल व आसाम का प्रवास, नित्य की व्यस्तता—ऐसे में हमको याद नहीं आता कि वे जब-जब लखनऊ में रहते थे तब कभी दोपहर को भोजन कर पाये हों। समय के अभाव और व्यस्तता की वजह से उनको दोपहर में भोजन करने के लिए समय ही नहीं मिल पाता था। ऐसे ही मान्यवर पण्डित राम प्रकाश मिश्र ने कानपुर का कार्य कुछ यों ही नहीं खड़ा कर दिया। उत्तर प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री रहते समय वह जब भी कानपुर में रहते थे कभी भी दोपहर का भोजन नहीं कर पाते थे—और चाय व जलपान में उनकी कोई रुचि रही नहीं, सो यह नित्य की एकादशी के व्रत का ही पुण्य प्रभाव है जो आज भारतीय मजदूर संघ प्रगति करता हुआ दिखायी दे रहा है।

प्रत्यक्ष सामने तो बहुत-से लोग हैं जो दिखायी देते हैं परन्तु अनेक ऐसे कार्यकर्ता भी होते हैं जिनकी कार्य के लिए अहम भूमिका होती है पर वे सदा पर्दे के पीछे ही रहते हैं। ऐसे ही देहरादून कार्यालय के चाचा, कानपुर कार्यालय के वकील और अलीगढ़ के लक्ष्मी जी हैं। लक्ष्मी नारायण जी आज तो भारतीय मजदूर संघ आगरा के क्षेत्र प्रमुख हैं लेकिन एक जमाना था जब वे टाईगर लॉक्स के कर्मचारी थे। घर से सुबह ७.३० बजे नौकरी के लिए निकलना और सायंकाल ४, ४.३० बजे से लेकर रात्रि ८, ८.३० बजे तक भारतीय मजदूर संघ कार्यालय अलीगढ़ की गतिशीलता को बरकरार बनाये रखना। उनका यह नित्य का कार्यक्रम गर्मी, सर्दी अथवा बरसात या त्यौहार हो अथवा बीमारी, कभी भी टूटा नहीं। घर पर रात्रि ९ बजे पहुँचकर प्रतीक्षा करती हुई पत्नी के द्वारा जो भी परोस दिया गया उसे खा-पीकर सुख की अनुभूति करना। 'रूखा-सूखा खाइ के ठण्डा पानी पी' वाली उक्ति को चरितार्थ करने वाले कार्यकर्ताओं की बरसों-बरस दिन-रात की तपस्या ने भारतीय मजदूर संघ को प्रगति के पथ पर लाकर खड़ा किया है।

ऐसे ही पुरानी पीढ़ी के संघ के प्रचारक हैं श्रीमान सलेक चन्द जी जिन्होंने मान्यवर बड़े भाई जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अलीगढ़ से देहरादून तक भारतीय मजदूर संघ की नींव रखने में अपना अति महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। अलीगढ़, खुर्जा, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, पिलखुवा, हापुड़, मोदीनगर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बी० एच० ई० एल० हरिद्वार व देहरादून के मध्य अविराम मोटर सायकलिंग करते-करते उन्होंने अपने शरीर के स्वास्थ्य को भी दाँव पर लगा दिया।

देहरादून के श्री खुशीराम शर्मा, जिन्हें हम सभी लोग "चाचा" कहकर पुकारते हैं, का जन्म १९२६ में हुआ था। आयु का एक लम्बा समय भारतीय मजदूर संघ कार्यालय देहरादून के पड़ोस में स्थित प्रभात टाकीज के कर्मचारी की हैसियत से व्यतीत किया। देहरादून में भारतीय मजदूर संघ के अनेक पदों पर रहकर कार्य करते रहे। अब इस समय ६९ साल की आयु के वयोवृद्ध हैं। सिनेमा से रिटायर होने के बाद पिछले १७ वर्षों से लगातार मजदूर संघ कार्यालय पर बैठते हैं। भारतीय मजदूर संघ कार्यालय देहरादून पर कोई हो अथवा न हो पर चाचा अवश्य ही मिलेंगे। सबकी खबर आपको देंगे और आपकी खबर सभी को देंगे।

जब कोई भव्य भवन खड़ा किया जाता है आदर्शों का तो उसके स्थायित्व और दीर्घकालीन टिकाऊपन के लिए अनेक कार्यकर्ताओं को नींव का पत्थर बनना होता है। भवन की भव्यता तो सभी को दिखायी देती है पर उस भवन को पुख्ता बनाने में कितने लोगों ने आत्मबलिदान किया हुआ है, नींव में जाकर भवन को लम्बी अवधि के लिए मजबूत और स्थायी बनाने में अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं और जीवन का बलिदान किया हुआ है, यह कौन देखेगा? सुन्दर और आलीशान भवन का चमचमाता हुआ कलश तो सभी को दिखायी देता है पर जिन नींव के पत्थरों पर वह भवन टिका हुआ है उनको देखने के लिए दृष्टि चाहिए। ऐसा ही जीवन जिया है हमारे सबके सुपरिचित और वर्तमान में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अख्तर हुसैन जी ने। एक पुत्र और एक पुत्री का छोटा-सा परिवार, किन्तु इन बच्चों को भी अपने पिता का सान्निध्य प्राप्त करने के लिए प्रयास करना होता है। पिता जी का प्रवास मानों इस परिवार की नियति ही बनकर रह गयी है। इनका परिवार चलता कैसे है यह तो शायद परमात्मा ही जानते हैं, परन्तु हाँ, अख्तर हुसैन जी की वजह से विद्युत महासंघ से संबंधित कार्यकर्ताओं के कार्य अवश्य ही सन्तोषजनक ढंग से चलते रहते हैं।

ऐसा ही एक नाम मान्यवर घनश्यामदास जी गुप्ता का है। एक ही समय में पूर्ण दक्षता के साथ एक से अधिक कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करना यह उनसे सीखा जा सकता है। शामली शुगर मिल के एकाउन्ट विभाग में अति जिम्मेदारी का दायित्व, उत्तर प्रदेश जैसे विशाल प्रान्त के महामंत्री पद का गुरुतर भार और अखिल भारतीय शुगर मिल मजदूर संघ के महामंत्री पद को भी सक्रिय सफलता के साथ निभाना यह कोई बहुत सुगम कार्य नहीं है। परमपूजनीय श्री गुरु जी ने आगरा में मान्यवर पं० श्योवरन सिंह जी वकील साहब के निवास पर एक बार स्वयंसेवकों के बीच में कहा था कि एक ही समय में विभिन्न प्रकार के जटिल कार्यों को सुगमता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न करना ही मन की एकाग्रता को

दर्शाता है। ऐसी मन की एकाग्रता एवं कठोर परिश्रम से युक्त साधना का जीवन जिया है श्रीमान् घनश्यामदास गुप्त ने।

कानपुर में भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के कार्यालय पर आप जब भी जायें वहाँ पर आपका स्वागत करते हुए मिलेंगे श्री विन्ध्याशरण सिंह जिनको प्यार से सभी लोग वकील के नाम से पुकारते हैं। वह लगभग ४५ वर्ष की आयु के हैं और ग्रेजुएट हैं, पर लगता नहीं है। टाइप करने से लेकर रेलवे आरक्षण और सूचनाओं को इधर से उधर पहुँचाने तक, और कार्यालय पर बड़े मनोयोग के साथ झाड़ू लगाने से लेकर आनेवाले को एक गिलास पानी पिलाने तक वह सभी कार्य पूर्ण तल्लीनता के साथ निभाते हैं। विगत १५ वर्षों से प्रान्तीय कार्यालय पर प्रान्तीय स्तर के कोई पदाधिकारी हों अथवा न हों पर आप सुबह से लेकर रात्रि में सोने के बाद तक वहाँ पर वकील साहब को अवश्य ही पायेंगे। इसीलिए शायद इन सदृश महानुभावों के लिए ही भगवान् ने गीता में कहा है—

**अनपेक्षः शुचिर्दक्ष, उदासीनो गतव्यथः ।**
**सर्वारम्भ परित्यागी, यो मद्भक्त स मे प्रियः ॥**

हमने उपरोक्त कुछ कार्यकर्ताओं को बड़े संकोच के साथ स्मरण किया है क्योंकि जीवन तो प्रायः सभी कार्यकर्ताओं ने ऐसा ही जिया है जिसके प्रति श्रद्धा के सुमन अर्पित करना हम सभी का पुनीत दायित्व बन जाता है। उपरोक्त नाम तो मात्र कुछ उदाहरण हैं जिनसे हमको समझ में आ सके कि भारतीय मजदूर संघ का कार्य कैसे खड़ा हुआ है।

अन्त में अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं श्रद्धेय दत्तोपन्त जी ठेंगड़ी का सहारा ले रहा हूँ। वे कहते हैं कि—"हम पागल हैं इसीलिए भारतीय मजदूर संघ है। हमने प्रारम्भ से ही चेतावनी दी थी कि जो चतुर हैं उनको भारतीय मजदूर संघ में आना ही नहीं चाहिए। जो पागल हैं, जिनका जरा दिमाग का पेंच कुछ ढीला है वही भारतीय मजदूर संघ में आयें। किन्तु हम राष्ट्र को आश्वासन देना चाहते हैं कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का, गरीबों की गरीबी दूर करने का, रोनेवाले लोगों के आंसू पोछने का, अन्त्योदय (Unto the Last) का अर्थात् देश के छोटे से छोटे और गरीब से गरीब व्यक्ति के उत्कर्ष सिद्ध करने का जो प्रमुख साधन है उस साधन के रूप में भारतीय मजदूर संघ रहेगा और इसलिए जो व्यवहार-चतुर लोग हैं उनको हम कहेंगे कि साहब ! आप भारतीय मजदूर संघ के बाहर हट जाइये। आप प्रधान मंत्री बनिये। आप दुनिया के प्रेसीडैन्ट बनिये। लेकिन हमने परम वैभव सिद्ध करना है। आप आयेंगे और जायेंगे। हम तो राष्ट्र के परम वैभव के लिए काम कर रहे हैं, और वह हम करके रहेंगे।

गरीबों की गरीबी दूर करेंगे। रोनेवालों के आँसू पोछेंगे। आखिरी आदमी के उत्कर्ष तक हम काम करते रहेंगे और इसके लिए ही हमारा यह पागलपन है।"

> *मातृभूमि विषयक प्रेम की अभिव्यक्ति और अनुभूति स्वदेशी विचार और आचरण से होती है।*
>
> **—गोपाल कृष्ण गोखले**

# श्रद्धाञ्जलि

**यह श्रद्धाञ्जलि सूची उन स्वर्गवासी कार्यकर्ताओं की है जिन्होंने अपने जीवनकाल में उत्तर प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ के कार्य के विस्तार में अपनी अहम भूमिका निभायी। हमारी उनकी स्मृति में हार्दिक श्रद्धाञ्जलि।**

श्रद्धेय दादा विनय कुमार मुखर्जी, लखनऊ
मान्यवर बड़े भाई रामनरेश सिंह जी, कानपुर
श्रीयुत हंसदेव सिंह गौतम, कानपुर
श्री भगवत शरण रस्तोगी, कानपुर
श्री ईश्वर दयाल सक्सैना, कानपुर
श्री परमात्मा चरण सक्सैना, कानपुर
श्री यज्ञदत्त शर्मा, कानपुर
श्री गुरु चरन तिवारी, कानपुर
श्री शत्रुतोष सिंह, आर्डिनैंस फैक्ट्री, कानपुर
श्री आर०डी० फ्रेंकलिन, विद्युत, के०सा०, कानपुर
श्री सुरेश चन्द्र शुक्ला, परिवहन कार्यशाला, कानपुर
श्री बालादीन जी, हार्नेस फैक्ट्री, कानपुर
श्री रामकरन सिंह, जूट मिल, कानपुर,
श्री सुरेश चन्द्र रस्तोगी, लखनऊ (फैजाबाद)
श्री चारु चन्द्र मिश्रा, लखनऊ
श्री बी०डी० तिवारी, रेलवे, लखनऊ
श्री ज्ञानचन्द्र द्विवेदी, एडवोकेट हाईकोर्ट, इलाहाबाद
श्री हीरालाल, इलाहाबाद
श्री शारदा प्रसाद त्रिपाठी, इलाहाबाद
श्री ज्ञान चन्द्र, गवर्नमैंट प्रैस, इलाहाबाद
श्री गोविन्द प्रसाद श्रीवास्तव, रायबरेली
श्रीमान सुधीर सिंह जी, गोरखपुर
श्री गुलाब चन्द त्रिपाठी, गोरखपुर
श्री शिव मंगल राय, देवरिया
श्री प्रेम नारायण, गाजीपुर
श्री भोलानाथ दुबे, गाजीपुर
श्री रामरति राय, गाजीपुर
श्री हृदय नारायण, जौनपुर
श्री कृपाशंकर श्रीवास्तव, पिपराइच
श्री प्रेमशंकर शुक्ल, सोनभद्र
श्री त्रिभुवन सिंह, रेणुकूट, सोनभद्र
श्री ब्रह्मचारी तिवारी, पडरौना

श्री राजाराम, कप्तान गंज
श्री कपिल देव वर्मा, सिसवा बाजार
श्री बाबू रमाशंकर सिंह जी, रोडवेज, वाराणसी
श्री फूलचन्द विश्वकर्मा, इंजीनियरिंग, वाराणसी
श्री लक्ष्मी नारायण जैसवाल, कैमीकल्स एण्ड फर्टीलाइजर, वाराणसी
श्री ललित मोहन त्रिपाठी, रेलवे, वाराणसी
श्री सच्चिदानन्द सिंह, वाराणसी
श्री वशिष्ठ त्रिपाठी, बैतालपुर
श्री मानबहादुर सिंह, नवाबगंज, गोंडा
श्री चौ० नन्हे लाल, जरबल रोड, बहराइच
श्री राम चन्द्र शाही, बलरामपुर
श्री जय शंकर सिंह, डाला
श्री विजय शंकर वाजपेयी, पारीक्षा
श्रीमान सत्य प्रकाश अग्रवाल, बरेली
श्री लक्ष्मी नारायण सक्सैना, बरेली
श्री रामरक्ष पाल जी, मुनीम, बरेली
श्री मूलचन्द्र श्रीवास्तव, शुगर मिल, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी
श्री हरबंश लाल सूरी, शुगर मिल, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी
श्री लवकुश, डिफैंस, शाहजहाँपुर
श्री चुन्नी लाल, पापा क्लोदिंग फैक्ट्री, शाहजहाँपुर
श्री सुरेश सिंह, आई०जी०एस०, शाहजहाँपुर
श्री बाबू राम तिवारी, शुगर मिल, हरदोई
श्री रामदास चक, फिरोजाबाद
श्री रघुनाथ सहाय जैन, गाजियाबाद
श्री रमेन्द्र ध्वज जी, बैंक, मेरठ
श्री महेन्द्रदत्त कुश, बागपत, मेरठ
श्री ब्रह्मानन्द शर्मा, बागपत, मेरठ
श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा, विद्युत, मेरठ
श्री सुशील कुमार मांगलिक, पराग डेरी, मेरठ
श्री दिनेश कुमार मित्तल, स्टार पेपर मिल, सहारनपुर
श्री आनन्द प्रकाश शर्मा, शामली, मुजफ्फरनगर
श्री ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल, शामली, मुजफ्फरनगर
श्री बलदेव राज शर्मा, इंजीनियरिंग, देहरादून
श्री दीवान सिंह विष्ट, दून आटो रिक्शा, देहरादून
श्री कंचन लाल शर्मा, टैक्सटायल, बुलन्दशहर
श्री राम जी दुबे, डोईवाला शुगर मिल
श्री भूपेन्द्र मल (भुप्पी), आयुध निर्माणी, देहरादून
श्री ब्रज मोहन शर्मा, दुकान कर्मचारी, देहरादून

# हमारे ये हुतात्मा



श्री हंसदेवसिंह गौतम (कानपुर)



श्री गौरीशंकर मिश्र (बरेली)



श्री यज्ञदत्त शर्मा (कानपुर)



श्री ज्ञानचन्द्र द्विवेदी एडवोकेट (प्रयाग)

# हमारे ये हुतात्मा



श्री भगवतशरण रस्तोगी (कानपुर)



श्री ईश्वरदयाल सक्सेना।



श्री रघुनाथसहाय जैन (गाजियाबाद)



श्री सुधीरसिंह जी (गोरखपुर)
महामन्त्री
अ०भा०सुगर मिल मजदूर महासंघ

# मेरी चाह

जग में इच्छाएँ हैं असीम और चाहों का भी अन्त नहीं,
उत्तम चाहों हित कर्म करूं, यह मेरी चाह सदैव रही।

पाने में सुख होता होगा, मधुर चाहों का सुख अपना है,
पर ओछी चाह का जन्म न हो, बस यह जीवन का सपना है।

यह मिटे गरीबी जो करती, इन्सानों को लंगड़ा-बौना,
रोटी इन्सान को ना खाये, भूखे न पड़े जीवन खोना।

श्रम करने के अवसर खोकर, बन जायें न हम केवल पुर्जा,
उत्पादकता तो बढ़ो, किन्तु श्रमकण न पोंछ पायी ऊर्जा।

विज्ञान-बुद्धि के बल पर तो होता पृथ्वी-प्रकृति का दोहन है,
कम्प्यूटर भुखमरी लायेगा, यह नहीं वैभव का आरोहण है।

विज्ञान न हिंसा भड़काए, हो व्यष्टि औ समष्टि में प्रकाश,
आनन्द और करुणा छहरे, हो समता-ममता का विकास।

राष्ट्र-विश्व-व्यक्ति औ समाज में, न विरोध के स्वर फूटें,
शासन-शोषित का द्वैत मिटे, सुख पर विलासिता ना टूटे।

तप नहीं वर्जना है केवल, कृत्रिमता कला न कहलाती,
है सौन्दर्य अलंकरण कभी नहीं, संख्या न सत्य को ढक पाती।

इन छद्म मुखौटों के पीछे, दुर्दान्त क्रूरता होती है,
निर्धन-अमीर, विद्वान-मूर्ख में, एक आत्मा होती है।

है नहीं मोक्ष की चाह मुझे, है चाह मनुजता जग जाये,
पथ के काँटों को साफ करूँ, पुष्पों की गन्ध बिखर जाये।

—राजेश्वरदयाल शर्मा

*"इदं स्वाहा, इदं न मम।"*

# मान्यवर बड़े भाई जी



उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले की चुनार तहसील के बगही गाँव में सन् १९२५ की दीपावली के शुभ पर्व पर श्री दलथम्मन सिंह जी के घर जो पुत्ररत्न पैदा हुआ था वह निम्न मध्यम वर्गीय किसान परिवार में पैदा होने वाले माननीय राम नरेश सिंह जी थे जिनको घर-बाहर से लेकर पूरे भारतवर्ष के लोग प्रेम से बड़े भाई के नाम से पुकारते थे। बड़े भाई ने १९४२ में चुनार से हाई स्कूल पास करने के उपरान्त वहाँ की कचहरी में लिपिक के पद से अपना जीवन प्रारम्भ किया। बाद में अपनी प्रतिभा और मेधा को समाज एवं राष्ट्र को समर्पित करके स्वयं को धन्य कर लिया। वे सामान्य देहयष्टि में एक असामान्य लौहपुरुष योद्धा थे जिनके व्यक्तित्व में तिलक जी की सिंहगर्जना, "स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।" और परमपूज्य श्री गुरु जी के बोधवाक्य "इदम् राष्ट्राय, इदम् न मम" दोनों के ही दर्शन होते थे। श्रमिकों को सम्मानपूर्वक जीने के अधिकार का मार्ग प्रशस्त करनेवाले बड़े भाई स्वभाव से निश्चल, निश्छल, संगठन-कौशल के धनी एवं शुद्ध राष्ट्रीय मजदूर आन्दोलन के पक्षधर कर्मयोगी योद्धा थे।

बड़े भाई १९४२ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आये तथा १९४६ में संघ के प्रचारक बन गये। इस पर उनके पिता जी ने नाराज होकर कहा कि तुम राम को अपना आदर्श मानते हो पर तुम्हारा आचरण राम जैसा नहीं है। तुम्हारी पत्नी घर पर है और तुम बाहर घूमते रहते हो? बड़े भाई जी ने उत्तर दिया, "मैं राम नहीं, राम का अनुज लक्ष्मण हूँ।" १९४८ में वह संघ पर लगे प्रतिबन्ध के समय जेल गये। १९४९ में मिर्जापुर के जिला प्रचारक बने। १९५० में पुरुषोत्तम चिकित्सालय और १९५२ में माधव विद्या मन्दिर हाई स्कूल की स्थापना पुरुषोत्तमपुर (चुनार) में की। इन्हीं दिनों विंध्याचल क्षेत्र से जनसंघ के विधान सभा प्रत्याशी बने। दौड़धूप के कारण गिरते हुए स्वास्थ्य की वजह से १९५६ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वस्तु-भण्डार एवं कार्यालय के प्रमुख नियुक्त हुए। १९६० में भारतीय मजदूर संघ में प्रवेश किया व उत्तर प्रदेश के महामंत्री बने। १९६२ में दुकान वाणिज्य प्रतिष्ठान अधिनियम संशोधन कराने में सफलता प्राप्त की। दिसम्बर .१९६२ में राष्ट्रीय मोर्चे का निर्माण किया। १९६३ में भारतीय मजदूर संघ को राष्ट्रवादी श्रम संगठन घोषित करने वाला प्रस्ताव पारित किया। १९६७ से अखिल भारतीय मंत्री बने। उस समय मान्यवर बड़े भाई जी के पास उत्तर प्रदेश के साथ-साथ बिहार, बंगाल एवं असम प्रान्त के भारतीय मजदूर संघ का दायित्व था। वे १९६८ से १९७४ तक विधान परिषद् उत्तर प्रदेश के सदस्य रहे। १९७४ में रेलवे कर्मचारियों की हड़ताल सफल कराने में सहयोग किया।

उनका १ जुलाई १९७५ से आपातकाल में कानपुर की जेल में रहना हुआ। मान्यवर बड़े भाई जी ने फरवरी १९७६ में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री का पदभार सम्भाला। वे १९७६ से १९८२ तक के लिए पुनः उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए। उन्होंने दिसम्बर १९७७ में दिल्ली में त्रिदलीय श्रम सम्मेलन में भाग लिया। मान्यवर बड़े भाई जी १९७८ में जयपुर में सम्पन्न हुए भारतीय मजदूर संघ के अधिवेशन में राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर विधिवत् निर्वाचित घोषित किये गये। मान्यवर बड़े भाई भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की अनेक श्रम सलाहकार समितियों के सदस्य रहे।

मान्यवर बड़े भाई जी क्षेत्र के प्रवास एवं कार्यक्रमों में अखण्ड रूप से आजीवन व्यस्त रहे। निःसन्देह भारतीय मजदूर संघ का वर्तमान स्वरूप बड़े भाई जी की सर्वोत्तम कृति है। भारत के मजदूर आन्दोलन में भारतीय मजदूर संघ को द्वितीय स्थान दिलाने में बड़े भाईजी का सर्वाधिक योगदान है। श्रमिक क्षेत्र के लिए उन्होंने कई पुस्तकें एवं अनेक लेख लिखे हैं। 'यूनियन पथ प्रदर्शक' और 'भारत में श्रम संघ' (ट्रेड यूनियन) आन्दोलन' उनकी प्रमुख पुस्तिकाएँ हैं। 'सरकार हारी, मजदूर जीता' (अक्टूबर १९८४) एवं 'मजदूर की मिलिट्री बनाम मर्द यूनियन' (नवम्बर १९८४) उनके बहुचर्चित, अति प्रभावपूर्ण लेख हैं। २ मई, १९८५ को कानपुर में बड़े भाई ने अपनी इहलोक यात्रा का समारोप किया।

मान्यवर बड़े भाई का स्वभाव अनुशासनप्रिय और व्यवस्था-प्रधान था। हर कार्य वह नियत समय पर करते थे। देरी से आने के कारण ट्रेन निकल गयी अथवा ट्रेन के नियत समय से बहुत पूर्व रेलवे स्टेशन पर आकर उन्होंने ट्रेन की प्रतीक्षा की हो ऐसा प्रसंग उनके जीवन में कभी नहीं आया। वह अद्भुत रूप से कुशल संगठनकर्ता और सक्षम प्रशासक थे जबकि संगठन एवं प्रशासन का कोई आपसी तालमेल ही नहीं है। परमपूजनीय श्री गुरु जी के व्यक्तित्व का बहुत गहरा असर बड़े भाईजी के मन पर था। ऊहापोह के मानसिक द्वन्द्व के समय वह एकाग्रचित्त होकर यही सोचते थे कि इस परिस्थिति में श्री गुरु जी होते तो वे क्या निर्णय लेते। बड़े भाई जी का जीवन तितीक्षा से परिपूर्ण था अर्थात् वह मानसिक एवं शारीरिक दुःखों को सहज भाव से सहन कर लेते थे और इस कारण उनके व्यक्तित्व का खरा सोना और अधिक निखर कर सभी के सामने आया था।

निर्णय करने का कार्य वे आत्मविश्वासपूर्वक करते थे, फिर भी "मेरा पूर्व-प्रचारित निर्णय मैं कैसे बदलूँ" यह अहंकार उनके मन में नहीं आता था। "संगठन के अन्तर्गत न्याय मिलेगा" यह विश्वास छोटे-से-छोटे कार्यकर्ता के मन में हमेशा बना रहे इसके लिए अपने अहंकार का विचार बीच में न लाते हुए वे निर्णय में उचित परिवर्तन करने में झिझकते नहीं थे। पारिवारिक वायुमण्डल का निर्माण उनके सान्निध्य का एक स्वाभाविक और अपरिहार्य परिणाम था। संघ, मजदूर संघ, विधान परिषद्, यहाँ तक कि अन्तिम बीमारी में विविध अस्पताल वगैरह जहाँ-जहाँ भी वे गये पारिवारिक वातावरण उनके चारों तरफ अपने आप बनता गया। अनेकानेक परिवार उनको अपने-अपने परिवार का मुखिया मानते थे। मजदूर जगत् में विभिन्न यूनियनों और उनके नेताओं व कार्यकर्ताओं से उनके घनिष्ठ सम्बन्ध थे। भारतीय रेलवे मजदूर संघ के लखनऊ अधिवेशन में मान्यवर जगदीश चन्द्र जी दीक्षित का आना, राष्ट्रीय श्रम दिवस (विश्वकर्मा जयन्ती) के समारोह में प्रतिवर्ष कानपुर में अध्यक्षता



कानपुर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान बड़े भाई जी (ए०डी०एम० के दायें)।
साथ में खड़े है हंसदेवसिंह गौतम तथा रमाकान्त शुक्ल।

करने के लिए नियमित रूप से माननीय मकबूल अहमद साहब का उपस्थित रहना या भारतीय मजदूर संघ के किसी भी कार्यक्रम के लिए प्रसन्नतापूर्वक माननीय गणेशदत्त जी वाजपेयी का पधारना—यह सब घटनाएँ ट्रेड यूनियन के क्षेत्र के लिए आश्चर्यजनक प्रतीत होने वाली थीं। वाराणसी के रेलवे कर्मचारी के केस के लिए तत्कालीन रेल मंत्री श्रीमान् कमलापति त्रिपाठी के निवास पर दरबान, चपरासी, सचिव आदि सबको पीछे धकेलकर सीधे पंण्डित जी के प्राइवेट कमरे में घुसने वाले, विंध्याचल निवासी गणेश जी हों या अस्पताल के कमरे का वातावरण प्रसन्नता से भरा रहे इस हेतु अपनी विशेष शैली में अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाकर "हाँ बड़े भाई ! बी० एम० एस० जिन्दाबाद" यह नारा देनेवाली पूना के मुले अस्पताल की सिस्टर खुर्शीद हों, सभी के मन में उनके सहवास के कारण एक ही भाव समान रूप से निर्मित होता था, वह था आत्मीयता का।

परमपूजनीय श्री गुरु जी के बताए हुए त्रिपथ्यों का पालन उन्होंने निष्ठापूर्वक किया। अपने क्षेत्र में कार्य की रचना संघ के आदर्शों के अनुरूप की; संघ की रीति-नीति-पद्धति को मजदूर क्षेत्र में चलाया और संघ शाखा के साथ नित्य का सम्बन्ध निरपवाद रूप से निभाया। अन्तिम बीमारी तक उनके झोले में निकर अवश्य ही रहती थी। संगठन के अन्दर की अथवा बाहर की उलझनों से निपटने के लिए उनमें अपूर्व धैर्य था। उनको अविलम्ब आपरेशन करना भी आता था और सब्र का फल मीठा होता है इस कहावत के अनुसार कार्यकर्ता के मन के मनोविज्ञान के अनुसार लगातार लम्बी अवधि तक मानसिक तनाव झेलते हुए भी धीरज खोये बिना उचित क्षण की प्रतीक्षा करने में वे असाधारण धैर्यसम्पन्न थे।

आपातकाल के बीच में मान्यवर बड़े भाई जी को अ० भा० महामंत्री के पद का गुरुतर भार सौंपा गया था। आपातकाल के बाद की परिस्थिति भारतीय मजदूर संघ के लिए बहुत उलझनों से भरी हुई थी। अपने अपयश एवं अक्षमता के लिए किसी दूसरे को बलि का बकरा बनाने वालों का भण्डाफोड़ करना कुछ खास कठिन काम नहीं होता है लेकिन इसका परिणाम अपने पूरे परिवार के लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसी स्थिति में मिथ्या दोषारोपण सहन करते हुए संयम बरतने में, हँसते-हँसते अपकीर्ति को हजम करने में, खासकर उस कालखण्ड में जबकि योग्यताविहीन नेता अपने व्यक्तिवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रचारतंत्र के सुपरिचित एवं सुलभ प्रतिष्ठाशून्य उपायों से अपने चरित्र को उज्ज्वल दिखाने का प्रयास करते हों, बड़े भाई जी में असामान्य संयम प्रकट करने का श्रेष्ठ गुण था। संगठन में जहाँ सभी काम अच्छे होते हों वहाँ कुछ बदनामी देनेवाले काम भी हो जाते हैं, ऐसे समय बड़े भाई जी गलती की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेकर कार्यकर्ताओं को पूरा का पूरा संरक्षण देते थे। भले ही एकान्त में उनको खूब डाँटते भी थे। भगवान ने उनको सूक्ष्म दृष्टि युक्त पैनी समझ वाला विशाल हृदय दिया हुआ था, इसीलिए उनको Understanding बहुत थी। इसलिए चाहे चायबागान की मजदूर महिलाएँ हों अथवा भारतीय मजदूर संघ को दबाने की इच्छा से सम्बन्धित मंत्री को गुमराह करने वाले भ्रष्ट अफसर हों या सभी को बुद्धू समझने के आदी छोटी संस्थाओं के बड़े नेता हों या पक्षपात या अन्याय से दुःखी, मिलने को आने वाले मजदूर संघ के छोटे-से-छोटे कार्यकर्ता, सभी के मन को वह ठीक ढंग से समझने में पारंगत थे। उनका साधन-शुचिता पर बड़ा आग्रह था। सच्चरित्रता को वे स्वयं

में एक बड़ा पारितोषिक मानते थे। यश की उन्होंने कभी लालसा नहीं की और आपत्ति से कभी घबराये नहीं तथा विलम्ब की वजह से वे कभी अधीर नहीं हुए। ऐसे व्यक्तित्व के धनी बड़े भाई अनुकूल, प्रतिकूल, विरोधी, सुखमय, भीषण दुःखदायी, सभी परिस्थितियों में अविचल रहते हुए तीव्र समझदारी वाले अपने विलक्षण हृदय की परख बारम्बार सभी को कराते रहे। वे कुशल रणनीतिज्ञ (Strategist) थे पर उनकी रणनीति का आधार विवेक (Discretion) था, चालाकी (Diplomacy) नहीं। विशुद्ध ध्येयनिष्ठा, सम्पूर्ण आत्मनियंत्रण, अन्तिम विजय पर अविचल विश्वास और मानवीय मनोविज्ञान के गहरे ज्ञान के परिणामस्वरूप उन्हें सफलता प्राप्त होती थी।

भारतीय मजदूर संघ में नेतृत्व की द्वितीय पंक्ति खड़ी करने के लिए उन्होंने सजग प्रयास किया था। उनका सभी यूनियनों के सभी कार्यकर्ताओं से सीधा सम्पर्क था। वे हरेक के गुण-अवगुण की जानकारी रखते थे। क्षमतासम्पन्न कार्यकर्ताओं का चयन करना, उनके गुणों को बढ़ाने के साथ-साथ उनके दोषों को दूर करना, कार्यकर्ता को प्रोत्साहित भी करना और उसके अहंकार को न बढ़ने देना, अपनी जीवन-शैली से बिना उपदेश किए उनको ध्येयवादी बनाना, कार्यकर्ता के सामने ध्येयवादी जीवन का आदर्श उपस्थित करना—ये सभी बातें उनका स्वभाव बन गयी थीं। अनेक कारणों से बड़े भाई जी औपचारिक शिक्षा बहुत अधिक प्राप्त नहीं कर सके थे लेकिन उनमें स्वभावज विद्योचित प्रज्ञा बहुत थी। सार्वजनिक कार्य के लिए अपनी औपचारिक शिक्षा की कमी को अथक परिश्रम द्वारा पूरा करके, इस त्रुटि की उन्होंने क्षतिपूर्ति कर ली थी।

एक वाक्य में कहना हो तो हम कह सकते हैं कि अथक परिश्रम, कठोर परिश्रम, प्रदीर्घ कठोर परिश्रम का दूसरा नाम ही माननीय बड़े भाई था। कठोर परिश्रम की वजह से ही असमय में उनका वज्र समान सुदृढ़ शरीर टूट गया था। उनको क्षय रोग भी हुआ था और बहुत समय तक लगातार ज्वर भी रहता था। किन्तु स्वास्थ्य के बारे में उन्होंने कभी किसी से कोई चर्चा नहीं की और ज्वर की वजह से अपना अनवरत प्रवास कभी रोका नहीं। तिल-तिल कर गलते रहे और दीपक की तरह अपने जीवन की ज्योति से अपने चारों ओर के वातावरण को आभायुक्त करते रहे। बड़े भाई को गुमराह करना किसी भी व्यवहारचतुर व्यक्ति के लिए सम्भव नहीं था। गलती या अपराध के पीछे मनोवैज्ञानिक कारण क्या हो सकते हैं उनको वह खोजते थे और यदि कार्यकर्ता दुष्ट है, व्यक्तिवादी है, ध्येयशून्य है तो उससे सख्ती से निपटते थे परन्तु यदि वह ध्येयवादी है, कुछ व्यक्तिगत दुर्बलताओं की वजह से उससे चूक हुई है तो फिर दुर्बलताओं से मुक्त होने में उसकी सहायता करते थे। वह उसे ठीक ढंग से काम करने का एक और अवसर देने के पक्ष में रहते थे। वह मानते थे कि गलतियाँ भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति, पद्धति और जीवन-मूल्यों की जानकारी ठीक ढंग से न होने की वजह से भी होती हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को धैर्यपूर्वक ठीक ढंग से समझाने की आवश्यकता होती है। इसलिए लोगों को आश्चर्य होता था कि बड़े भाई कभी तो एकदम गुस्सा करते हैं और कभी-कभी वह अतुलनीय शान्ति का परिचय देते हैं। बड़े भाई हवा में छलाँग लगानेवाले स्वप्नदृष्टा नहीं थे, वह हर समस्या की तह तक जाते थे। कानपुर में रहते हुए सुरक्षा संस्थानों में वर्षों से जमा दादा एस० एम० बनर्जी का एकाधिकार

कैसे समाप्त हो, इण्टक को बढ़ावा देने वाले राजकीय प्रशासन से भारतीय मजदूर संघ को प्रान्तीय स्तर पर मान्यता कैसे दिलायी जायें, आई० डी० सक्सैना की लैनिन पार्क में हत्या करनेवालों की खोज कैसे की जाय, बालादीन जी के स्वास्थ्य पर अंग्रेजी दवाओं का विपरीत असर हो रहा है इसलिए उनके लिए आयुर्वैदिक औषधियों की व्यवस्था कैसे की जाय अथवा संघ कार्यालय पर रसोई बनानेवाले बहादुर की शादी की कुछ व्यवस्था कैसे की जाय, पत्नी द्वारा पाले गये कुत्तों के चक्कर से श्री यज्ञदत्त शर्मा को कैसे मुक्ति दिलायी जाय आदि सभी बातों पर एक ही समय सम्पूर्ण रूप से पूरा ध्यान ! ! सभी विषयों की तफसील पर पूरी पकड़, केवल व्यक्तिगत सुख के विषय को छोड़कर, यह ब्रड़े भाई जी का एक मूर्तिमंत चित्र है। चापलूसी या खुशामद से उनको नफरत थी। उनका व्यक्तिगत जीवन विविध सम्पर्क तथा अनेक खट्टे-मीठे अनुभवों से युक्त था। इस कारण उनकी मनोवैज्ञानिक समझदारी बहुत गहरी, ऊँची और वास्तविकता से पूर्ण थी।

भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री का पद ब्रड़े भाई जी के पास पारितोषिक के रूप में नही, आह्वान के रूप में आया था।

समग्र क्रान्ति का जोशीला भाषण देने वाले कई नेता आपातकाल में समग्र आत्मसमर्पण तक पहुँच गये थे। उस समय अनुशासन-पर्व के नाम पर ट्रेड यूनियन के सारे अधिकार छीन लिये गये थे। आन्दोलन तो दूर, ट्रेड यूनियन का नियमित कार्यालय चलाना भी असम्भव हो गया था। ऐसे समय स्वघोषित क्रान्तिकारी, वामपंथी ट्रेड यूनियन नेताओं की मनःस्थिति डाँवाडोल हो गयी थी। सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों का विरोध प्रकट करने के लिए पत्रक पर केन्द्रीय श्रम संस्थाओं के पदाधिकारियों का नाम देना उचित होगा अथवा नहीं इस पर लम्बी चर्चा होती थी। उस समय पत्रक पर किसी नेता का नाम नहीं होता था, केवल संस्थाओं के नाम रहते थे। क्रान्तिकारी वामपंथियों के कई नेताओं का यह हाल था। ऐसे समय निभर्यतापूर्वक काम करना, पत्रक निकालना, वेश नहीं बदलना, धोती-कुर्ता, चप्पल के सामान्य वेश में प्रवास पर जाना, मजदूरों का हौसला बढ़ाकर उनको संघर्ष के लिए तैयार करते हुए साठ हजार से अधिक मजदूरों से आपातकाल के कानून को भंग कराना, यह सब कार्य अद्‌भुत थे। मान्यवर बड़े भाई के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ ने यह सब किया। उनके महामंत्री पद के कार्यकाल का प्रारम्भ हीं "योद्धा नेता" के रूप में हुआ। आपातकाल की समाप्ति के बाद अनेक वीर पुरुष अनुकूल काल के प्रलोभनों का शिकार हुए। जनता राज आने के बाद अच्छे-अच्छे लोग और संगठन भी इस तरह की मनःस्थिति में आ गये। कहा गया है कि विजय-काल ही प्रमाद-काल होता है। अतएव अवसरवादी सस्ती नेतागिरी का प्रभाव बढ़ गया। ट्रेड यूनियन क्षेत्र में विलीनीकरण का स्वभाव आया, जैसे इण्टक कांग्रेस सरकार के साथ ही रही वैसे ही विलीनीकृत केन्द्रीय श्रम संस्था जनता सरकार के साथ सम्बद्ध रहे यह विचार बना। यह बहुत बड़ा प्रलोभन था किन्तु भारतीय मजदूर संघ ने दृढ़ता से इसका विरोध किया। यह भी बड़े भाई के नेतृत्व में हुआ। भारतीय मजदूर संघ का कोई भी कार्यकर्ता राज्याश्रय की मेनका के मोह में विश्वामित्र नहीं बन सका। आपातकाल में प्रकट हुई वीरता तो श्रेष्ठ थी ही किन्तु अनुकूल परिस्थिति में प्रकट हुई यह निर्मोहिता उससे भी अधिक श्रेय देनेवाली रही।

श्रेष्ठ नेता का निर्माण श्रेष्ठ परम्पराओं के आधार पर होता है। उसी आधार पर नेता सामान्य साथियों में से असामान्य कार्यकताओं का निर्माण करता है। कहावत है कि जो दूध घना नहीं होता है उसमें से घनी मलाई की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। नेता कार्यकर्ताओं की शक्ति बढ़ाता है व कार्यकर्ता नेता की शक्ति बढ़ाते हैं और दोनों मिलकर अंगीकृत कार्य की शक्ति बढ़ाते हैं, जिस प्रकार कमल सरोवर की, सरोवर कमल की और दोनों मिलकर वन की शोभा बढ़ाते हैं। मान्यवर बड़े भाई जी में मनुष्य-निर्माण की क्षमता बहुत बड़ी मात्रा में थी। उनके कारण उनके कार्यकर्ताओं की, कार्यकर्ताओं के कारण बड़े भाई की और दोनों के कारण मजदूर संघ की शोभा लगातार बढ़ती गयी। ट्रेड यूनियन के क्षेत्र में प्रतिष्ठा-प्राप्ति के अनेकानेक अवसर आते हैं—विदेश यात्राएँ, सरकारी व अन्य समितियों में नियुक्तियाँ आदि। ऐसे सभी अवसरों पर बड़े भाई जी एक-एक करके अनेक कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाते थे और स्वयं सबके पीछे ही रहते थे। बडे भाई जी अनुशासित भी थे और आत्मानुशासन भी उनमें बहुत था। संस्था के संवैधानिक अनुशासन का सीधे उल्लंघन किये बिना ऐश और आरामपरस्ती का जीवन व्यतीत करना सम्भव नहीं होता है लेकिन संयम, चारित्र्य, उद्यमशीलता, कर्मठता जैसे गुण संस्था के अनुशासन से उत्पन्न नहीं होते हैं। इसीलिए शायद आजकल यह कहने का फैशन-सा हो गया है कि नेता का मूल्यांकन सार्वजनिक जीवन के आधार पर करना चाहिए, उसके व्यक्तिगत जीवन के आधार पर नहीं। यह प्रगतिशील दृष्टिकोण बड़े भाई ने नहीं अपनाया था। उनके दैनिक जीवन की कर्मठता उनके आत्मानुशासन के फलस्वरूप ही थी। विधान परिषद् के सदस्य के नाते मिलने वाला मानधन किस तरह खर्च करना चाहिए इस पर संस्था ने कोई प्रतिबंध उन पर नहीं लगाया था किन्तु बड़े भाई सरकार द्वारा मिलने वाला पूरा मानधन भारतीय मजदूर संघ के काम के लिए ही खर्च करते थे और उसका पूरा हिसाब भारतीय मजदूर संघ के अधिवेशनों में प्रस्तुत भी करते थे। यहाँ तक कि उन्होंने अपनी धर्मपत्नी की बीमारी के समय कुछ सप्ताह के लिए लखनऊ में दवा-पानी, यातायात और भोजन का सारा खर्च अपने गाँव बगही से लाकर निजी सम्पत्ति से ही किया। एम० एल० सी० होते हुए भी एम० एल० सी० को मिलनेवाले मानधन में से एक पैसा भी अपनी पत्नी की बीमारी पर मान्यवर बड़े भाई जी ने खर्च नहीं किया। इस कर्मठता का कहीं प्रचार भी नहीं किया गया लेकिन इस कर्मठता के कारण ही उनकी वाणी में नैतिक अधिकार उत्पन्न हुआ था।

बड़े भाई जी का यह सहज स्वभाव था कि एक क्षण के लिए भी यदि किसी ने आत्मीयता का व्यवहार किया हो तो उसका स्मरण आजीवन रखना। फिर वह रेणुकूट के मेवाराम हों या वाराणसी के मुन्नालाल। स्वाभाविक वृत्ति यह थी कि 'नेहा लगा के पछताना क्या?" जीवन के अन्तिम समय तक बीमारी की हालत में भी उनको अपने कार्य की और भारतीय मजदूर संघ की चिन्ता बनी रहती थी। इस विषय में यदि किसी ने रोका तो वे कहते थे कि कार्य से अलग रहकर आराम ही करना है तो काहे के लिए जीवित रहना?"

वे ध्येयनिष्ठा का सम्मान करते थे अतएव अपने विरोधी खेमे के ध्येयनिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति उनके मन में अपार स्नेह एवं आदर था। वे कहा करते थे कि विरोधियों के बारे में ओछी व हल्की टीका-टिप्पणी करने से अपना ही स्तर गिरता है।

मान्यवर बड़े भाई जी के समकालीन विधान परिषद् उ०प्र० के सदस्य एवं निधान परिषद् के रिकार्ड इस मत की पुष्टि करते हैं कि यदि उन्होंने उधर अपने चित्त को एकाग्र किया होता तो वे अच्छे संसदज्ञ (पार्लियामैन्टेरियन) के नाते चमक सकते थे। लोकतंत्र में पार्लियामैन्टेरियन को एक अच्छा कैरियर माना जाता है किन्तु भारतीय मजदूर संघ की जिम्मेदारी के कारण वे उधर अधिक ध्यान नहीं दे सके। इस तरह भारतीय मजदूर संघ ने उनका कैरियर नष्ट ही किया। लेकिन व्यक्तिगत कैरियर को बनाने की चतुराई बड़े भाई में नहीं थी और यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परम्परा के अनुकूल ही था। संघ ने भी अनेकानेक स्वयंसेवकों का कैरियर खराब किया है। कौन नहीं जानता कि यदि संघ के चक्कर में न आते तो मान्यवर यादवराव जोशी एक संगीतज्ञ के नाते ख्याति प्राप्त कर सकते थे, मा० विट्ठल राव पतकी क्रिकेट-पटु और वर्तमान में सरसंघचालक परम पूजनीय श्री रज्जू भैया जी एक विशिष्ट वैज्ञानिक के नाते विख्यात होते। बड़े भाई जी ने भी इसी परम्परा का निर्वाह किया।

भौतिकतावाद से मुक्त मान्यता है कि श्रेष्ठ नेता वह है जो अपनी चिरंतन अनुपस्थिति के कारण होनेवाली क्षति की पूर्ति की व्यवस्था पहले ही करके रखता है। संगठन में कभी शून्य पैदा न हो इसकी योजना करता रहता है। ऐसे नेताओं के सोच का ढंग "मैं नहीं, तू ही" होता है। वैसा ही उनके व्यवहार का ढंग भी भिन्न प्रकार का होता है। परमपूजनीय श्री गुरु जी ने कहा था, "आपमें से जिसने परमपूजनीय डाक्टर हेडगेवार जी को नहीं देखा है वह बालासाहब देवरस जी को देख ले।" इस उक्ति-कृति का सारा ढंग ही अलग है। प्रयास दूसरों को छोटा दिखाने का नहीं, अपने से भी बड़ा बनाने का ताकि पुण्य कार्य की गंगा में कहीं अवरोध न आ सके। बड़े भाई जी इसी परम्परा में पले थे। उनके निधन से भारतीय मजदूर संघ की, मजदूरों की, राष्ट्र की हानि हुई है। वह हानि अपरिमित है लेकिन अपूरणीय नहीं। इसी में बड़े भाई जी की श्रेष्ठता है। ध्येयवादी जीवन के सम्पर्क से मन में ध्येयवाद और तीव्र रूप से प्रखर होता है, इसी की सम्भावना भी रहती है।

मान्यवर बड़े भाई जी को भावों के इन श्रद्धा-सुमनों की श्रद्धाञ्जलि के साथ ही इस पुस्तक की विषयवस्तु को अब पूरा करते हैं।

*जिनकी माँग है, उसके पीछे उनकी शक्ति खड़ी करो।*

*आज के श्रम कानून मजदूर का जीवन सुखी नहीं बना पाये। ऐसे अक्षम कानूनों को तोड़कर नये कानूनों को लागू कराने वाली शक्ति का नाम ही श्रम संगठन है।*

*पैसा, सत्ता और पुलिस बल के मुकाबले में हमारे पास असंख्य मजदूरों की शक्ति है जिसको साथ लेकर हम श्रम का पूरा मूल्य लेकर मजदूरों की मान-प्रतिष्ठा बढ़ा सकते हैं।*

**—मान्यवर बड़े भाई जी**



# यदि ४० वर्ष पूर्व ध्यान दिया होता तो ...

## 'स्वदेशी'

स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा कैसे जाग्रत हुई? उस काल की हलचल, राजनीतिक जागृति तथा आन्दोलन को देखो। उसकी प्रेरणा थी 'ब्रिटिश विरोध'। 'छः हजार मील से आये हुए अंग्रेज हमारे ऊपर राज्य करते हैं, उनका विरोध करना चाहिए'—इस कल्पना पर ही सारा आन्दोलन उभारा गया था। अंग्रेजी कपड़ों का बहिष्कार ही स्वदेशी आन्दोलन की प्रेरणा थी। परन्तु, यह मातृभूमि है, उसकी भक्ति करनी चाहिए उसके आधार पर राष्ट्र की रचना होनी चाहिए, या यहाँ का राष्ट्रीय कौन है? यह राष्ट्र किसका है? आदि प्रश्नों पर किसी ने विचार नहीं किया। उस समय तो 'ब्रिटिश का विरोध' ही स्वदेशी का पर्यायवाची बन गया।

जिनका हम विरोध कर रहे थे वह चले गये। परन्तु विरोध की वृत्ति बनी रही। चूँकि ईसाइयों और मुस्लिमों का विरोध करना नहीं था, इसलिए अपना ही विरोध करना आरम्भ कर दिया। और कई लोगों ने तो हिन्दुओं के विरोध की शपथ ही खा ली। विरोध-बिन्दु नष्ट होने पर स्वदेशी की कैसी दुर्दशा हो रही है, यह देखो! पहले की 'स्वदेशी प्रेरणा' अंग्रेज-विरोध थी, वह तो चली गयी। अब उसका बाहरी रूप दूर होने पर स्वदेशी का आन्तरिक प्रेम है किसमें? देश में उत्पन्न न होने वाली किसी आवश्यक वस्तु, सैनिक सामर्थ्य को बढ़ाने वाले अस्त्र-शस्त्र और रोग-निवारण के लिए आवश्यक औषधियों के विदेश से आयात की बात तो समझ में आ सकती है। परन्तु नाखून रंगने का रंग, मुँह पर पोतने की सफेदी, बाल सँवारने की पिनें, पत्ते आदि निरुपयोगी वस्तुओं के लिए देश का करोड़ों रुपया विदेश जाता है, उसका क्या कारण है? उसका यही कारण है कि देश में जो स्वदेशी आन्दोलन चला था, वह केवल अंग्रेज-विरोध पर आधारित था। उसका आधार सच्चा तथा स्वाभाविक स्वदेश-प्रेम नहीं, बल्कि ब्रिटिश-विरोध था। यह एक राष्ट्र-मारक तत्त्व सिद्ध हुआ। इसे आज बड़े-बड़े विचारवान् लोग भी स्वीकार करते हैं।

—मा॰स॰ गोलवलकर

नवम्बर १९५२ में पुणे की एक सभा में व्यक्त विचार

## आज यह दुरवस्था न होती

# अर्थ और आदर्श

*देश के लिए लड़ने वाला सैनिक अपने जीवन की बाजी अर्थ की कामना से नहीं लगाता। अर्थ का लालच उसे देश-द्रोह सिखा सकता है, देशभक्ति नहीं। स्त्री के सतीत्व का अपना मूल्य है, उसे अर्थ की कसौटी पर नहीं कसा जा सकता है। वैद्य रोगी की चिकित्सा के बदले अर्थ किन मूल्यों के आधार पर ले सकेगा? अध्यापक विद्यादान का मूल्य नहीं लगा सकता है। सरकारी कर्मचारी किस आधार पर एक फाइल को आगे सरकाने के लिए मूल्य लेगा? दुर्बल की रक्षा करने वाली पुलिस जब अपनी सेवाओं का मूल्य माँगने लगेगी तब या तो दुर्बल की रक्षा हो ही नहीं पायेगी अथवा शारीरिक शक्ति से दुर्बल अपनी बुद्धि का उपयोग कर धूर्तता से धन कमाकर पुलिस को अपनी रक्षा का मूल्य चुका कर निर्भय होकर अत्याचार करेगा।*

*श्रम का उद्भव चाहे शारीरिक हो या मानसिक, उसकी फलश्रुति यद्यपि दृश्य वस्तुओं के उत्पादन अथवा सेवाओं में हुई है तो भी उसका मूल्य रुपये-पैसों में आँकना असम्भव है।*



**स्वयमेव मृगेन्द्रता**

मुद्रक: उर्वशी प्रेस, 49/3 वैद्यवाड़ा, मेरठ-250 002 फोन: 25558